CMYK

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 95 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 24 अप्रेल, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 

# मोदी के 'सशक्त कृषक, समृद्ध भारत' के विजन को साकार करेगी यह मीट, प्रदेश की कृषि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर : भजनलाल शर्मा

**दिल्ली में ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट का आयोजन, इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में देश और विदेश के कृषि क्षेत्र और कृषि क्षेत्र से जुड़े उद्योग जगत के लोग, प्रगतिशील किसान, कृषि वैज्ञानिक इत्यादि हो रहे शामिल, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री, प्रदेश के कृषि मंत्री किरोड़ी मीणा, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य गौतम कुमार. सुरेश रावत, किसान आयोग के अध्यक्ष सी. आर. चौधरी और राजस्थान कृषि विभाग और केंद्रीय कृषि विभाग के सभी बड़े अधिकारी भी रहे मौजूद**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान में प्राकृतिक और आधुनिक खेती को बढ़ावा देने, प्रदेश के किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और प्रदेश के किसानों को खेती से जुड़े अन्य व्यवसाय से जोड़ने तथा कृषि उत्पादन बढ़ाने जैसे बड़े लक्ष्य निर्धारित करके प्रदेश के भजनलाल सरकार की ओर से दिल्ली में गुरुवार को ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री के अलावा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने भी संबोधित किया । अपने संबोधन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे देश और विदेश के कृषि क्षेत्र से जुड़े लोग,कृषि क्षेत्र से सीधे जुड़े अन्य व्यवसाय से जुड़े लोग, कृषि वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान इत्यादि सेक्टर के लोग शामिल हैं। इस महत्वपूर्ण आयोजन में ब्राज़ील, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, वियतनाम, अर्जेंटीना, रसिया और कई अन्य देशों के कृषि और कृषि क्षेत्र से जुड़े विशिष्ट लोग शामिल हैं। इस कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आगामी 23 से 25 मई तक जयपुर में आयोजित होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट कार्यक्रम के लिए आमंत्रित भी किया। दिल्ली के अशोका होटल में आयोजित प्रदेश की कृषि क्षेत्र से जुड़ी इस महत्वपूर्ण मीट को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त किसान, समृद्ध भारत के विजन को साकार करने के लिए इस मीट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कृषि को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का यह सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि राजस्थान कृषि के कई उत्पादों में पहले नंबर पर दूसरे नंबर पर और तीसरे नंबर पर है इसलिए राजस्थान में कृषि और कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न व्यवसाय और क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं ।



## प्रदेश के कृषक को खेती के साथ खेती से जुड़े अन्य व्यवसायों से जोड़ने का भी हो प्रयास

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में खेती के साथ खेती से जुड़े अन्य व्यवसाय से किसानों को कैसे और किस तरह से जोड़ा जाए और कैसे इस तरह के व्यवसाय से जोड़कर किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जाए। इसके बारे में हम सबको गंभीरता से मंथन करने की जरूरत है और उन्हें उम्मीद है कि इस मीट में भी इस विषय पर चर्चा होगी । उन्होंने कहा कि किसानों को खेती के अलावा पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, डेरी, सौर ऊर्जा उत्पादन, इत्यादि सेक्टर में ज्यादा से ज्यादा काम करने का अवसर देकर उन्हें आर्थिक रूप से काफी मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि परंपरागत कृषि के साथ आधुनिक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के तरीकों, संसाधनों इत्यादि पर गंभीरता से हम सबको मंथन करना होगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अकेले खेती के दम पर किसान आर्थिक रूप से ज्यादा मजबूत नहीं हो सकता क्योंकि कई बार प्राकृतिक आपदाओं की वजह से किसानों को भारी नुकसान हो जाता है हालांकि हालांकि सरकार उनकी मदद तो करती है लेकिन अगर खेती के साथ किसान दूसरे खेती से जुड़े धंधों पर भी ज्यादा फोकस रखेगा तो वह काफी उन्नत और आर्थिक रूप से मजबूत होगा ।

## राजस्थान कई कृषि उत्पादों के उत्पादन में है नंबर वन और नंबर दो

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में अलग-अलग जिलों में अलग-अलग कृषि उत्पादन का उत्पादन होता है। इसलिए राजस्थान का हर जिला किसी न किसी उत्पाद के लिए विख्यात है उन्होंने कहा कि राजस्थान बाजार, सरसों, तिलहन, जो के उत्पादन में पूरे देश में नंबर वन पर है तथा मूंगफली में नंबर दो पर है और सोयाबीन, चना के उत्पादन में नंबर तीन पर है। उसके अलावा मसाले में जीरे और ईश्वरबोल में नंबर वन पर है लहसुन सौंफ में नंबर दो पर धनिया उत्पादन में नंबर तीन पर है इस तरह से और भी अन्य कई उत्पाद है जो राजस्थान में प्रचुर मात्रा में होते हैं लेकिन कई जगह ऐसी भी हैं जहां पर मंडिया किसानों के खेत से काफी दूर हैं । ऐसे में अगर किसानों के खेत के पास ही उत्पादित फसल के लिए प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर दी जाए तो इससे किसान का भी फायदा होगा और कृषि के क्षेत्र में भी काफी सुधार होगा इस तरह की प्रोसेसिंग यूनिट लगाने से परिवहन और कई तरह की समस्याओं का भी अपने आप ही निवारण हो जाएगा। इस विषय पर हम सबको गंभीरता से विचार विमर्श और मंथन करने की जरूरत है उन्होंने कहा कि जिस जिले में जिस कृषि उत्पाद का ज्यादा उत्पादन होता है अगर वहां उस उत्पादसे जुड़ी प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर दी जाती है तो यह सोने पर सुहागा साबित होगा उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इस विषय पर गंभीरता से मंथन भी कर रही है और कार्य भी कर रही है ।

## फवारा खेती, जमीन का परीक्षण, प्राकृतिक खेती के साथ आधुनिक खेती, खेती के नवीनतम साधन और उपकरण इत्यादि सभी पर सामूहिक चर्चा और मंथन के बाद निर्णय लेने की घड़ी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वर्तमान में यूरिया खाद ज्यादा डालने से जमीन की उर्वरा शक्ति कमजोर हो रही है। इस विषय पर किसानों को जागरूक करने की बड़ी जरूरत है । इसके अलावा किसान नियमित रूप से अपनी जमीनों का वैज्ञानिकों से परीक्षण करवा कर ही वैज्ञानिकों की सलाह के आधार पर कृषि उत्पाद करें इस विषय पर भी गंभीरता से किसानों को जानकारी देने का समय आ गया है । उन्होंने कहा कि कम पानी में ज्यादा कृषि उत्पादन करें इसके लिए फवारा खेती और परंपरागत प्राकृतिक खेती के साथ-साथ आधुनिक खेती, खेती की उन्नत तकनीक और दुनिया भर में खेती के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को अपना कर अगर हम खेती करें तो और भी ज्यादा किसानों के लिए तो फायदेमंद होगा ही साथ-साथ सरकारों को भी काफी फायदा होगा उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लगातार किसानों के लिए जन जागृति अभियान संपादित करके इन विषयों के बारे में किसानों को जानकारी दे रहे हैं ।उन्होंने कहा कि सब्जियां और फल उत्पादन में भी किसानों को और ज्यादा ध्यान आकर्षित करना होगा मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि आगामी 23 से 25 मई को जयपुर में होने वाली ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट कार्यक्रम में इन सब विषयों को लेकर विस्तृत चर्चा और मंथन ही नहीं होगा बल्कि हम ठोस डिसीजन लेकर संकल्प के साथ काम भी करेंगे ।

## राइजिंग राजस्थान में कृषि के क्षेत्र में 44000 करोड रुपए के 250 समझौते हुए

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि राइजिंग राजस्थान में 44000 करोड रुपए के 250 समझौते हुए थे जिनमें 9000 करोड रुपए के 700 समझौते धरातल पर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में फूड प्रोसेसिंग, जैविक कृषि, स्पाइस पार्क इत्यादि की अपार संभावनाएं हैं उन्होंने कृषि क्षेत्र और कृषि से जुड़े विभिन्न व्यवसाय में कारोबार करने वाले देश और विदेश के लोगों से कहा कि सरकार हर तरह से उनका सहयोग करेगी। इसके लिए हमारी सरकार ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी किसानों को काफी सहयोग और प्रेरित किया है जिसके माध्यम से राजस्थान में किसान बिजली उत्पादन भी करने लगे हैं आने वाले समय में राजस्थान बिजली में भी पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनने वाला है और वर्ष 2027 तक प्रदेश के सभी जिलों में दिन में किसानों को बिजली उपलब्ध करवाने की दिशा में सरकार तेजी से कार्य कर रही है वर्तमान में 24 जिलों में दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी विशिष्ट जनों से कहा कि राजस्थान में कृषि क्षेत्र में निवेश करने से उन्हें काफी फायदा होगा यह घाटे का सौदा साबित नहीं होगा ।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण लागू करने के लिए भाजपा पूरी तरह प्रतिबद्ध: राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम इन दिनों देशभर में चर्चा के केंद्र में है। इसी कड़ी में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए इस मुद्दे पर सरकार का पक्ष मजबूती से रखा। इस दौरान उनके साथ जम्मू-कश्मीर के पैडर-नागसेनी से विधायक एवं पूर्व बीजेपी जनरल सेक्रेट्री सुनील शर्मा और भाजपा के जम्मू-कश्मीर महासचिव मोहम्मद अनवर खान भी मौजूद रहे। अपने दो दिवसीय श्रीनगर प्रवास के पहले दिन आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नल राठौड़ ने संवाददाताओं का स्वागत करते हुए कहा कि मीडिया के माध्यम से वे कश्मीर समेत पूरे देश तक सरकार का संदेश पहुँचाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी नेतृत्व में केंद्र सरकार सुशासन और महिला सशक्तिकरण को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राठौड़ ने कहा कि 16 अप्रैल 2026 को संसद में महिला आरक्षण को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण विधेयक-संविधान संशोधन, डिलिमिटेशन बिल 2026 और यूनियन टेरिटरी अमेंडमेंट लॉ 2026 लाए गए थे। राठौड़ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष ने भ्रम फैलाकर इस महत्वपूर्ण विधेयक को पारित नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष का यह तर्क देना कि बिल पहले ही पास हो चुका है पूरी तरह भ्रामक है क्योंकि पुराने प्रावधानों के तहत इसे लागू करने में लंबा समय लगता। राठौड़ ने कहा कि देश में पहले से ही पंचायती राज संस्थाओं में करीब 46 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व है, जो यह दर्शाता है कि महिलाएं जमीनी स्तर पर नेतृत्व कर रही हैं। अब समय है कि उन्हें संसद और विधानसभाओं में भी समान अवसर मिले। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की महिलाओं के साहस और योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यहां की मातृशक्ति पूरे देश के लिए प्रेरणा है। उन्होंने दोहराया कि प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य 2029 के लोकसभा चुनाव तक महिला आरक्षण को लागू करना है और भाजपा का हर कार्यकर्ता इस संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।



# जयपुर एयरपोर्ट से प्रदेश भाजपा कार्यालय तक नितिन नवीन का कई जगहों पर किया जाएगा ऐतिहासिक स्वागत : मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 27 अप्रैल, सोमवार को राजस्थान के दौरे पर रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार राजस्थान आ रहे नितिन नवीन प्रदेश के 7 नए जिला कार्यालयों का उद्घाटन करेंगे, जालोर भाजपा कार्यालय का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन टोंक जाएंगे जहां वे टोंक भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही अन्य जिला कार्यालयों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन भी किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस दौरे को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक भी आयोजित की गई। राठौड़ ने बताया कि नितिन नवीन जयपुर पहुंचने के बाद टोंक जाएंगे, जहां टोंक भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद आमजन और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी भाजपा कार्यालयों में किया जाएगा। इसके पश्चात वे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से भाजपा प्रदेश कार्यालय जाएंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रवास को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जयपुर एयरपोर्ट से प्रदेश कार्यालय तक विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा। प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक भी शामिल होंगे। इस दौरान वे भाजपा कोर कमेटी की बैठक भी लेंगे और संगठन विस्तार को लेकर मार्गदर्शन देंगे। गहलोत-पायलट की तस्वीर के संबंध में पूछे गए सवाल पर मदन राठौड़ ने कहा कि फोटो खिंचवाकर यह दिखाने का प्रयास किया जा रहा है कि वे साथ हैं, जबकि इससे उनके आपसी मतभेद ही उजागर होते हैं। उन्होंने कहा कि हालात ऐसे हैं कि उन्हें सार्वजनिक रूप से एकजुटता दिखानी पड़ रही है। राठौड़ ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि गहलोत कह रहे हैं कि पहली बार राहुल गांधी ने एसटी, एससी और ओबीसी वर्गों के बारे में बात की है। यह बयान स्वयं में चौंकाने वाला है और इससे स्पष्ट होता है कि पहले इन वर्गों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। रिफाइनरी के मुद्दे पर राठौड़ ने कहा कि विपक्ष को इस विषय पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। घटना की जांच चल रही है और जांच पूरी होने के बाद सभी तथ्य सामने आ जाएंगे।






CMYK

## उपखंड कार्यालय व थाना टपूकड़ा का निरीक्षण, लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने गुरुवार को टपूकड़ा स्थित उपखंड कार्यालय एवं पुलिस थाना का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपखंड कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने लंबे समय से लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा की और निर्देश दिए कि पुराने मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने कोर्ट फाइलों में तारीख देने व नोटिंग स्वयं द्वारा लिखने के निर्देश दिए। साथ ही निस्तारित फाइलों को क्रमबद्ध तरीके से रखने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने वसूली प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण और तहसीलदार स्तर पर लंबित मामलों की सूची कार्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने मौके पर पेंशन पोर्टल लॉगिन कर पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उन्हें जल्द निपटाने के निर्देश दिए। इसके बाद जिला कलेक्टर ने थाना टपूकड़ा का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने बंदी गृह, मालखाना सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पिछले माह दर्ज मामलों की जानकारी लेते हुए अपराधों की प्रकृति की समीक्षा की और मालखाने कि पेंडेंसी को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने थाना भवन निर्माण कार्य के लिए उच्च स्तर पर समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी पुलिस अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी लाखन सिंह गुर्जर सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## मिड-डे मील एवं पन्नाधाय बाल गोपाल योजना का सघन निरीक्षण, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण




जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निस)।** जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश के निर्देशानुसार जिले में मिड-डे मील कार्यक्रम एवं पन्नाधाय बाल गोपाल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के आंकलन हेतु 23 एवं 24 अप्रैल 2026 को चयनित विद्यालयों में आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार अधिकारियों को उनके आवंटित क्षेत्र/कलस्टर में 5-5 विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक अधिकारी को निरीक्षण के पश्चात उसी दिन सायं 4 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी, जिसे संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराया जाएगा। इसी क्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने तिजारा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झिवाणा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गद्दार की ढाणी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनबन एवं आंगनबाड़ी केंद्र बनबन का निरीक्षण कर पन्नाधाय बाल गोपाल योजना के तहत मिल रहे दूध एवं मिड-डे मील की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों का शैक्षिक स्तर परखा, विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं संधारित अभिलेखों की जांच की तथा संबंधित कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया।

## मुंशी बाग क्लब मैदान में 24 से अखिल भारतीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिता

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस)।** शहर के ऐतिहासिक मुंशी बाग क्लब मैदान में 24, 25 एवं 26 अप्रैल को अखिल भारतीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में देशभर के नामी खिलाड़ी हिस्सा लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में आयोजित होगी। मुकाबले प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 9:30 बजे तक तथा शाम 5 बजे से रात्रि 11 बजे तक दूधिया रोशनी में खेले जाएंगे, जिससे दर्शकों को रोमांचक खेल का अनुभव मिलेगा। आयोजन समिति ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मुंशी बाग क्लब मैदान पहुंचकर प्रतियोगिता का आनंद लेने तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# वन राज्यमंत्री ने किया जल संरक्षण हेतु निर्माणाधीन एनिकटों का निरीक्षण

### वर्षा ऋतु से पूर्व अलवर शहर को मिलेगी पांच नए एनिकटों की सौगात

### एनिकट निर्माण से मिलेगा वन्यजीवों को पेयजल, शहर में होगी भूजल वृद्धि तथा पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने नगर निगम, यूआईटी, जल संसाधन एवं वन विभाग के अधिकारियों की टीम के साथ जल संरक्षण से संबंधित भाखेडा एनिकट, माचिया कुंड, जरख वाला एनीकट, भूरा सिद्ध एनिकट तथा प्रताप बंध जोहड़ी के प्रगतिरत एनीकट व बांध निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वन राज्यमंत्री शर्मा ने जल संरक्षण से संबंधित कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिये कि एनिकट व बांध निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए इनके सभी कार्य मानसून से पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि एनिकट व बांध में वर्षा जल आने में कोई अवरोध न रहे इसके लिए आसपास के केचमेंट एरिया की साफ-सफाई करावे। साथ ही फिनिशिंग एवं पिचिंग के कार्य को भी समयबद्ध रूप में पूर्ण करावे। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निदानी बांध के पक्के पुनर्निर्माण कार्य की डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने इन सभी एनिकट को मॉडल एनिकट के रूप में विकसित करने के दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक एनिकट के किनारे भ्रमण हेतु सुन्दर पाथवे, ग्रीनरी एवं सौन्दर्यकरण के कार्य कराए। उन्होंने कहा कि इन एनिकटों के बनने से पर्यावरण संरक्षण के साथ वन्यजीवों व पेड-पौधों को जल की उपलब्धता होने के साथ वर्षा जल संरक्षण से शहर के बडे इलाके में भूमिगत जल स्तर में वृद्धि होगी। इन एनिकटों के सौन्दर्यकरण से पर्यटन में भी वृद्धि होगी।

### ये बन रहे हैं नए एनिकट

नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि वन राज्यमंत्री शर्मा के मार्गदर्शन में नगर निगम के द्वारा 3, जल संसाधन विभाग के द्वारा एक नया एनिकट बनाया जा रहा है तथा यूआईटी के द्वारा प्राचीन मचिया प्राचीन मचिया कुण्ड के रेनोवेशन का कार्य प्रगतिरत है जो यथाशीघ्र पूर्ण होंगे।

### प्रतापबंध एनिकट

उन्होंने बताया कि प्रताप बंध के पास 4.94 करोड रूपये की लागत राशि से 1 पॉण्ड एवं सोनानाथ की बावडी तक चैनल का कार्य प्रगतिरत है। पॉण्ड का क्षेत्रफल 6950 वर्गमीटर है, जिसे वर्तमान लेवल से 3.0 मीटर तक अतिरिक्त खोदा जाना है। यह पॉण्ड आरसीसी वॉल से निर्मित किया जाना है। यह प्रोजेक्ट 17 हैक्टेयर कैचमेंट एरिया के लिए डिजाइन किया गया है। पॉण्ड में पानी की क्षमता 21000 घनमीटर है। प्रतापबंध में पॉण्ड पर वॉल का 70' कार्य एवं चैनल्स निर्माण का 60' का पूर्ण किया जा चुका है।


### जरखवाला एनिकट

उन्होंने बताया कि जरखवाला के पास 3.61 करोड़ रूपये की लागत से 2 पॉण्ड एवं एनिकट बनाने का कार्य प्रगतिरत है। पॉण्ड 1 का क्षेत्रफल 3150 वर्गमीटर एवं पॉण्ड 2 का क्षेत्रफल 5709 वर्गमीटर है, जिस पर 92 मीटर लम्बाई में एनिकट प्रस्तावित है। यह प्रोजेक्टर 40 हैक्टेयर कैचमेंट एरिया के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें पॉण्ड 1 में 17000 घनमीटर एवं पॉण्ड 2 में 9400 घनमीटर पानी क्षमता है। उन्होंने बताया कि जरखवाला के पास में दोनों पॉण्ड की खुदाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। पॉण्ड 1 पर पिचिंग का कार्य चल रहा है। डैम स्ट्रेक्चर का कार्य 1.50 मीटर के उपर पिलिंथ पूर्ण हो चुका है।

### भूरासिद्ध एनिकट

उन्होंने बताया कि भूरासिद्ध के पास 2.23 करोड़ रूपये की लागत से 2 पॉण्ड एवं एनिकट बनाने का कार्य प्रगतिरत है। पॉण्ड का क्षेत्रफल 7830 वर्गमीटर है जिस पर 146 मीटर लम्बाई में एनिकट प्रस्तावित है एवं 2 पॉण्ड का क्षेत्रफल 4400 वर्गमीटर है। यह प्रोजेक्टर 10 हैक्टेयर कैचमेंट एरिया के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें पॉण्ड 1 में 15660 घनमीटर एवं पॉण्ड 2 में 13200 घनमीटर पानी क्षमता है। उन्होंने बताया कि भूरासिद्ध में दोनों पॉण्ड की खुदाई एवं डैम स्ट्रेक्चर का कार्य पूर्ण हो चुका है। केवल फिनिशिंग का कार्य प्रगतिरत है। इसी प्रकार यूआईटी के द्वारा 30 लाख रूपये की लागत से माचिया कुण्ड के रिनोवेशन व सौन्दर्यकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस दौरान जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियन्ता संजय खत्री, यूआईटी के अधिशासी अभियन्ता अशोक मदान, नगर निगम के सहायक अभियन्ता दिनेश वर्मा, सतीश यादव, पं. जलेसिंह, रेंजर शंकर सिंह शेखावत, जितेन्द्र राठौड, सागर यादव मौजूद रहे।

## डॉ. अनामिका गुप्ता को स्वर्ण पदक व हैनिमैन हीरक पुरस्कार






जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मालवीय नगर निवासी डॉ. अनामिका गुप्ता ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अलवर का नाम रोशन किया है। उन्हें राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के बीएचएमएस पाठ्यक्रम में चारों वर्षों में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की अजमेर इकाई द्वारा प्रतिष्ठित 'डॉ. हैनिमैन हीरक पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। अजमेर इकाई के अध्यक्ष डॉ. डी.बी.एल. माथुर ने बताया कि वर्ल्ड होम्योपैथिक डे के अवसर पर जयपुर के सीतापुरा स्थित स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में आयोजित समारोह में डॉ. अनामिका गुप्ता को तीन पुरस्कार प्रदान किए गए। बीएचएमएस अंतिम वर्ष में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें स्वर्ण पदक दिया गया, वहीं पूरे पाठ्यक्रम में सर्वोच्च अंक हासिल करने पर 'डॉ. हैनिमैन स्वर्ण पदक' से सम्मानित किया गया। साथ ही चारों वर्षों में निरंतर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें 'डॉ. हैनिमैन हीरक पुरस्कार' प्रदान किया गया। डॉ. माथुर के अनुसार 19 वर्षों बाद यह उपलब्धि किसी छात्रा को प्राप्त हुई है। इससे पूर्व वर्ष 2007 में यह सम्मान डॉ. पुनीता गांधी को दिया गया था।

समारोह में डॉ. अनामिका गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि निरंतर कठिन परिश्रम और समर्पण से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों, संस्थान एवं साथियों को दिया। साथ ही उन्होंने होम्योपैथिक चिकित्सा के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयुर्वेद विभाग, अजमेर के अतिरिक्त निदेशक डॉ. चेतन कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे तथा अध्यक्षता डॉ. डी.बी.एल. माथुर ने की। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय शिक्षा निष्पादन बैठक में कलेक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश




जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निस)।** जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय निष्पादन बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के ऐसे सभी विद्यालयों की अद्यतन जानकारी शीघ्र संकलित की जाए जो अब तक जल कनेक्शन से वंचित हैं। साथ ही भवन रहित एवं निर्माणाधीन विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा के लिए समसा अभियंता को बुलाकर विस्तृत समीक्षा करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय परिसरों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों की जानकारी संकलित कर द्बष्टष्ठऽ विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा विद्यालयों को प्राप्त होने वाले सभी फंड की जानकारी व्यवस्थित रूप से संधारित कर कार्यलय को भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने स्टाफ डिटेल का विश्लेषण कर विद्यालयों में आवश्यकतानुसार कार्मिकों की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कक्षा 5 तक FLN (Foundational Literacy and Numeracy) की नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने, विद्यार्थियों के अधिगम स्तर का आकलन कर सुधारात्मक कदम उठाने तथा शाला दर्पण पोर्टल पर Blue/Pink टैबलेट संबंधी प्रविष्टियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त डाइट खैरथल-तिजारा के लिए भूमि आवंटन के संबंध में नगर परिषद के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक/माध्यमिक) रमेश कुमार मेघ, सहायक अभियंता विद्युत विभाग दिनेश भड़ाना सहित ब्लॉक स्तरीय शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## 60 फीट रोड पर सीवरेज लीकेज से घरों में पहुंच रहा गंदा ओर बदबूदार पानी, क्षेत्रवासियों ने जताया रोष



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के 60 फीट रोड स्थित इलाके में इन दिनों हालात बेहद चिंताजनक हो गए हैं। सीवरेज और पानी की पाइपलाइन एक साथ गुजरने के कारण बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। सीवरेज पाइपलाइन में लीकेज होने से गंदा और बदबूदार पानी सीधे सप्लाई लाइन में मिल रहा है, जिससे लोगों के घरों तक दूषित पानी पहुंच रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कई समय से यह समस्या लगातार बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि पानी से तेज बदबू आ रही है और इसका उपयोग करना तक मुश्किल हो गया है। लोगों को मजबूरी में महंगे पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं, जिससे उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। वार्ड वासियों ने बताया कि पूर्व पार्षद शीला जांगिड़ द्वारा पहले भी सुधार कार्य करवाया गया था, लेकिन वह केवल अस्थायी समाधान साबित हुआ। कुछ ही समय में समस्या फिर से जस की तस हो गई। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि 10-15 दिन में समाधान नहीं हुआ तो सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस स्थिति के लिए पूरी तरह प्रशासन जिम्मेदार होगा। चुनाव से पहले नाराजगीः 'समस्या हल नहीं तो वोट नहीं' लोगों ने नेताओं पर भी नाराजगी जताते हुए कहा कि चुनाव के समय तो सभी नेता वादे करते हैं, लेकिन बाद में कोई भी समस्या के समाधान के लिए सामने नहीं आता। वार्ड वासियों ने साफ कहा कि यदि आगामी चुनाव से पहले इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे वोट का बहिष्कार करेंगे। स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा : विशेषज्ञों के अनुसार, दूषित पानी के सेवन से डायरिया, टाइफाइड और अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में यह समस्या केवल असुविधा नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य से जुड़ा बड़ा खतरा बन चुकी है।

## मण्डावा में नव पदोन्नत व्याख्याता का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** सेठ डेडराज ढाढ़णिया राउमावि, मण्डावा में गुरुवार को स्कूल में ही कार्यरत वरिष्ठ अध्यापक सहजाद अली का प्रमोशन व्याख्याता राजनीति विज्ञान पद पर होने और यथावत कार्यग्रहण करने पर विद्यालय स्टाफ द्वारा शानदार तरीके से साफा ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सीबीईओ पवन कुमार ने सहजाद मिलनसार व्यक्तित्व और अच्छी कार्यशैली की प्रशंसा की और यहीं पर पोस्टिंग की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाए की है । कार्यक्रम में प्रिंसिपल संगीता, उप प्रधानाचार्य संदीप कुमार, व्याख्याता रवि प्रकाश, संजय वरिष्ठ अध्यापक विरेन्द्र, संजय महला और मंत्रालयिक कर्मचारी विकास, सुनिता, राकेश, लेब असिस्टेंट माया, आशीष सहित गणमान्य लोगों में ताराचंद भास्कर सहित पूरा स्टाफ और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## महिला आरक्षण कानून को लेकर कांग्रेस की प्रेस वार्ता, भाजपा पर भ्रामक प्रचार का आरोप



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महिला आरक्षण बिल को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा फैलाए जा रहे कथित झूठ, भ्रामक एवं दुर्भावनापूर्ण प्रचार के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर द्वारा गुरुवार को सर्किट हाउस में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

प्रेस वार्ता में मुख्यवक्ता के रूप में पूर्व विधायक लाडपुरा (कोटा) एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव पूनम गोयल उपस्थित रहीं। उनके साथ संगठन की जिला सह-प्रभारी माया सुवालका भी मौजूद रहीं। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूनम गोयल ने महिला आरक्षण बिल से जुड़े तथ्यों को विस्तार से प्रस्तुत किया और भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार का तर्कपूर्ण जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1992 में कांग्रेस सरकार के दौरान पंचायती राज एवं नगरीय निकायों में 33' महिला आरक्षण लागू किया गया, जिससे लाखों महिलाओं को राजनीति में भागीदारी का अवसर मिला। इसके बाद वर्ष 1996 में महिला आरक्षण विधेयक संसद में पेश किया गया तथा वर्ष 2010 में यूपीए सरकार के कार्यकाल में इसे राज्यसभा से पारित कराया गया। गोयल ने कहा कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण कानून पारित होने में भी कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका रही, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा इसे जनगणना एवं परिसीमन से जोड़ने के कारण इसके क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब हो रहा है। वहीं जिला सह-प्रभारी माया सुवालका ने कहा कि कांग्रेस कभी भी महिला आरक्षण के विरोध में नहीं रही है। उन्होंने मांग की कि वर्ष 2023 में जारी गजट नोटिफिकेशन को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण महिलाओं का अधिकार है, जिसे परिसीमन जैसी शर्तों से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। कांग्रेस पार्टी ने अपनी प्रमुख मांगों में महिला आरक्षण कानून को तुरंत लागू करने, इसे जनगणना एवं परिसीमन से अलग रखने तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं को भी उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग रखी। प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश गंगावत सहित अजीत यादव, श्वेता दीपेंद्र सैनी, गफूर खान, जोगेंद्र कोचर, पुष्पेंद्र धाबाई, योगेश मिश्रा, अशोक सैनी, इम्तियाज हुसैन, राजेश कृष्ण सिद्ध, महिला जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी, लीली यादव, उमरदीन, रमन सैनी, गौरव यादव, राकेश बेरवा, सुनीता शर्मा, रेखा चौधरी, डालचंद वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर माया सुवालका के अलवर आगमन पर समाज के गोपाल जायसवाल, श्वेता, मुकेश थानावत, विनोद जायसवाल, संगीता सिंह, अमिता कुमारी सहित अन्य लोगों ने सर्किट हाउस पहुंचकर माला एवं गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत भी किया।

# ऋषि मुनियों जैसे पेड़ों से करते हैं प्यार, जमवारामगढ़ क्षेत्र में नए पेड़ों से ले आए बहार



**करीब 28 साल की प्रशासनिक सेवा में सभी महत्वपूर्ण विभागों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आईएएस डॉ.हरसहाय मीणा सालों से सामाजिक सरोकारों के कार्यों में भी निभा रहे अग्रणी भूमिका, नए पेड़ लगाने के मामले में तो पेड़ वाले बाबा के नाम से मशहूर होकर भारतवर्ष में बटोर रहे सुर्खियां, जनहित के कार्यों और लोगों की भलाई करने के मामले में इनकी पत्नी सुमन मीणा का भी कोई नहीं जवाब, जमवारामगढ़ क्षेत्र और आसपास के दूर दराज के इलाकों में इन दोनों पति-पत्नी के व्यवहार और कार्य शैली की हर घर में हो रही चर्चा**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डॉ.हरसहाय मीणा अपने कार्य और कर्मों से ऋषि मुनियों की तरह दिख रहे हैं, जैसे अनादिकाल में ऋषि मुनि अपने बाग बगीचे में फूल फलदार और औषधि युक्त पेड़ लगाने में खुद को ज्यादा व्यस्त रखते थे ठीक वैसे ही डॉ मीना पिछले कई सालों से अपनी एक विशाल व्यक्तिगत टीम के दम पर जमवारामगढ़ बस्सी और आसपास के इलाकों में अब तक लाखों की तादाद में फलदार और छायादार पेड़ लगा चुके हैं इसीलिए इनके पेड़ों के प्रति असीम लगाव को देखकर जो भी इनके बारे में सुनता है और देखता है दांतों तले उंगली दबा लेता है क्योंकि इनके प्रयासों से जमारामगढ़, बस्सी, तुंगा और आसपास के इलाके में बड़ी संख्या में लगाए गए पेड़ों से एक तरफ जहां इलाके में हरियाली नजर आने लगी है तो दूसरी तरफ फूल, फलदार, छायादार और औषधियुक्त पेड़ लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहे हैं इसी वजह से डॉक्टर मीणा के इस नेक कार्य की गूंज सोशल मीडिया के इस जमाने में भारत के कोने-कोने में सुनाई दे रही है लोग इन्हें पेड़ वाले बाबा के नाम से पुकारने लगे हैं जहां भी जाते हैं लोग इन्हें पेड़ वाले आईएएस बाबा पुकारते नजर आते हैं, करीब 28 साल की अपनी हाई प्रोफाइल सरकारी सर्विस में अपनी ईमानदारी, साफसुथरी छवि और वर्किंग स्टाइल से प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी में अपनी एक अलग पहचान रखने वाले इस ऑफिसर ने सामाजिक सरोकारों के कार्यों और बेजुबान पशु पक्षियों की भलाई और सेवा करने में तो खुद को समर्पित रखा हुआ है ही साथ-साथ इनकी जमवारामगढ़ पंचायत समिति सदस्य धर्मपत्नी सुमन मीना भी क्षेत्र के लोगों में अपने अच्छे व्यवहार और जनहित के कार्यों की वजह से इलाके में काफी पॉपुलर हैं, इसे ईश्वर की विशेष कृपा ही कह सकते हैं कि इन दोनों पति-पत्नी का सामाजिक सरोकारों के कार्यों, वृक्षारोपण और बेजुबान पशु पक्षियों की सेवा करने का एक जैसा मन है भले ही दोनों अलग-अलग प्रोफेशन में हो लेकिन दोनों का एक ही संकल्प है समाज सेवा, वृक्षारोपण और बेजुबान पशु पक्षियों की सेवा करना ।





## बचपन से पेड़ों के नीचे पढ़ते और पेड़ों पर खेलते खेलते पेड़ों से हो गई बेपनाह मोहब्बत और लगाव

जयपुर जिले के जमुवारामगढ़ के कानडियावाला गांव के एक साधारण से किसान लक्ष्मी नारायण मीणा के घर में जन्म लेने वाले डॉ.हरसहाय मीणा का बचपन कठिन और संघर्ष में परिस्थितियों में गुजरा, पीढ़ी दर पीढ़ी इनके परिवार की खेती और पशुपालन ही आजीविका का साधन रहा और इनसे पहले परिवार का कोई और सदस्य हाई प्रोफाइल सर्विस में भी नहीं रहा इसलिए राजस्थान जैसे सूखे प्रदेश में किसान परिवार के सामने परिवार का पालनपोषण और बच्चों को पढ़ने में कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है यह हर कोई जानता है इसलिए बचपन से ही डॉ. हरसहाय ने अपने माता-पिता को कठिन संघर्ष और मेहनत करते हुए देखा हालांकि इनके पिता की ख्वाहिश थी कि बच्चा अच्छी स्कूल में अध्ययन करें लेकिन परिवार के हालात अच्छी स्कूल में शिक्षा दिलाने जैसे नहीं थे इसलिए डॉ.मीना की दसवीं क्लास तक की पढ़ाई ग्रामीण इलाके में हुई इसलिए बचपन से ही इनकी दिनचर्या में खेती कार्य में माता-पिता का सहयोग करना और खेत में ही पेड़ के नीचे बैठकर देर तक पढ़ाई करना और पढ़ाई के साथ-साथ पेड़ों पर ही बच्चों के साथ खेलने जैसा जीवन में जिया इसलिए पेड़ इनकी लाइफ स्टाइल का अभिन्न अंग रहे, पेड़ों के साथ पढ़ाई और पेड़ों के साथ खेलते खेलते इन्हें पेड़ों से असीम प्यार और लगाव हो गया जो कॉलेज और यूनिवर्सिटी की पढ़ाई के दौरान भी रहा और राजस्थान प्रशासनिक सेवा में शामिल होने के बाद भी पेड़ इनके जीवन का अहम हिस्सा रहे और हर साल जब भी मानसून आता उससे पहले ही डॉ.मीणा नए पेड़ लगाने की सभी तैयारियां अपने स्तर पर पूरी कर लिया करते थे और बाद में राजस्थान प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नति होने के बाद भी लगातार मानसून के दौरान जमवारामगढ़, तुंगा बस्सी और आसपास के इलाकों में अपनी खुद की व्यक्तिगत टीम को साथ लेकर उन इलाकों में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगा रहे हैं जहां हरियाली काम है और जहां पेड़ों की संख्या काफी कम है इनका नए पेड़ लगाने का सफर अब से नहीं बल्कि कई सालों से निरंतर चला आ रहा है जिसकी वजह से जमवारामगढ़ और आसपास के इलाके में इनके लगाए पेड़ों से एक अलग हरियाली सा माहौल दिखने लगा है क्षेत्र का पर्यावरण तो संतुलित हो ही रहा है इसके अलावा इनकी ओर से लगाए जा रहे फलदार, छायादार, और औषधि युक्त पेड़ों से लोगों को काफी फायदा भी हो रहा है ।

## अपने दिवंगत पिता के नाम ट्रस्टका गठन कर ट्रस्ट के माध्यम से वृक्षारोपण और सामाजिक सरोकारों के कार्यों को कर रहे हैं संपादित

वर्ष 2010 में अपने पिता लक्ष्मी नारायण मीणा के निधन के बाद इन्होंने अपने पिता की याद में जनहित के कार्यों और वृक्षारोपण जैसे कार्यों के लिए लक्ष्मी नारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट का गठन किया और इन्होंने इस ट्रस्ट से उन लोगों खासतौर से उन नौजवान लड़कों को जोड़ा जो दिल में समाज की भलाई करने की सोच रखते हैं डॉ.मीना और इनकी धर्मपत्नी सुमन मीणा की पर्सनैलिटी और व्यवहार को देखकर बड़ी संख्या में इलाके के नौजवान युवा जुड़े हुए हैं जो वृक्षारोपण के कार्य में डॉक्टर मीना और उनकी धर्मपत्नी सुमन मीणा के साथ जबरदस्त तरीके से अपनी भागीदारी निभा रहे हैं इस ट्रस्ट के माध्यम से वृक्षारोपण के अलावा बेजुबान पशु और पक्षियों की सेवा भी की जाती है इसके अलावा विभिन्न जाति और बिरादरी के लोगों के सामूहिक विवाह सम्मेलन, गौशाला, नंदी शाला मंदिर निर्माण, धर्मशाला, निर्धन परिवारों के बच्चों को पढ़ाई के लिए समुचित संसाधन उपलब्ध करवा कर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित करना, नशा मुक्ति, समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के प्रयास करना इत्यादि सभी कार्य इस परोपकारी ट्रस्ट के माध्यम से संपादित कर रहे हैं क्योंकि सर्विस में होने की वजह से समय की व्यस्तता के चलते नियमित रूप से व्यापक पैमाने पर सामाजिक सरोकारों के कार्य करना अकेले डॉ.मीणा के लिए संभव नहीं था इसलिए उन्होंने अपनी पत्नी सुमन मीणा और करीबी दोस्तों का सहयोग लेकर ट्रस्ट का गठन किया जो आज यह ट्रस्ट जमवारामगढ़ क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान कर बन गया है ।

## कुशल एडमिनिस्ट्रेटर जो देखते ही देखते बन गया पेड़ वाला बाबा

डॉ.हरसहाय मीणा के राजस्थान प्रशासनिक सेवा में शामिल होने के बाद से लेकर अब तक प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी दोनों दलों की सरकारी रही है लेकिन अपनी ईमानदारी, अनुशासित साफ सुथरी छवि तथा समर्पित भाव से ड्यूटी करने की अपनी हैबिट से सभी सरकारों ने इन्हें हमेशा महत्वपूर्ण विभागों में काम करने का अवसर दिया जिसमें इन्होंने हर विभाग में उल्लेखनीय प्रदर्शन करके सरकारों को काफी प्रभावित किया और जहां भी नियुक्त रहे वहां के लोगों में भी काफी पॉपुलर रहे इसीलिए राजस्थान की ब्यूरोक्रेसी में इन्हें एक अलग अंदाज वाले ऑफिसर के रूप में देखा जाता है लेकिन पिछले 15 सालों से इन्होंने बिना सरकारी मदद और बिना किसी स्वयं से भी संस्था के सहयोग से अपने स्तर पर जमवारामगढ़ और आसपास के इलाके में हजारों की तादाद में जो पेड़ लगाए उन पेड़ों से निकली शुद्ध हवा, फल और औषधियां क्षेत्र के लोगों के जीवन को काफी आनंदित कर रही है मोटे अनुमान के अनुसार डॉक्टर मीणा ने अब तक अपने खुद के व्यक्तिगत प्रयासों के माध्यम से 7 लाख से ज्यादा पेड़ लगा चुके हैं और पेड़ लगाते ही नहीं है बल्कि उनके बड़े होने तक उनकी रखवाली और सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखते हैं इसीलिए लोग इन्हें एक अच्छे प्रशासक के रूप में तो मानते ही थे लेकिन लोग इन्हें अब पेड़ वाले बाबा के नाम से भी पुकारते हैं आजकल सोशल मीडिया का जमाना है इसलिए सोशल मीडिया पर भी इनके पेड़ लगाने की चर्चा वाले वीडियो खूब वायरल होते हैं इसलिए डॉ.मीणा पेड़ लगाने के मामले में पेड़ वाले बाबा के रूप में जयपुर में ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष में लगातार पॉपुलर हो रहे हैं क्योंकि नए-नए लोगों को सोशल मीडिया, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से जब यह पता चलता है कि देश का एक आईएएस अफसर जो खुद नियमित रूप से पेड़ लगाने के लिए जगह-जगह अपने हाथों से गड्ढा खोदता है और फिर उसमें पौधा रोपता है और खुद ही पौधे को पानी देता है तो लोगों को यह यकीन ही नहीं होता एक बड़ा अधिकारी इतना सब कुछ अपनी व्यस्त सर्विस में कैसे कर लेता है लेकिन डॉ.मीणा यह सब करके दिख रहे हैं और यह अब से नहीं बल्कि पिछले 15 सालों से जो वास्तव में अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि और नेक पुण्य का काम है ।

## कोरोना की अवधि में औषधियुक्त पेड़ लगाने पर ज्यादा ध्यान आकृष्ट किया

*जानकारी के अनुसार प्रदेश में कोरोना महामारी के दौरान डॉ. मीना ने क्षेत्र में औषधि युक्त पेड़ लगाने पर ज्यादा ध्यान आकृष्ट किया आंवला, गिलोय, अमरूद, पीपल, नीम, बरगद, आम इत्यादि पेड़ ज्यादा से ज्यादा संख्या में लगाए गए जिनका लोग अब तक भरपूर फायदा उठा रहे हैं क्योंकि कोरोना महामारी के दौरान आयुर्वेद औषधि और काड़े के सेवन पर चिकित्सक ज्यादा सलाह दे रहे थे इसलिए डॉ. मीणा अपने ट्रस्ट अपनी टीम के युवाओं को साथ लेकर इलाके में बड़ी संख्या में इन महत्वपूर्ण और उपयोगी पेड़ों को लगाया, नए पेड़ लगाने के अभियान को व्यवस्थित तरीके से संपादित करने के लिए डॉ.मीणा मानसून के दस्तक देने से पहले ही पूरी कार्य योजना तैयार कर लेते हैं कहां, किस इलाके में कौन सी जगह पर पेड़ लगाने हैं इन सब के बारे में कार्य योजना तैयार की जाती है पेड़ लगाने के बाद पेड़ की रखवाली कौन करेगा और पेड़ को नियमित रूप से पानी कौन देगा इन सब की बाकायदा क्षेत्र के लोगों के साथ चर्चा करके जिम्मेदारी भी निर्धारित की जाती है इसके अलावा इलाके के किसानों को भी बड़ी संख्या में हर साल मानसून के सीजन में फ्री में पेड़ उपलब्ध करवाते हैं इसके लिए इलाके की सरकारी और निजी स्कूलों में भी वृक्षारोपण के लिए छात्रों को प्रेरित करने के विषय पर भी डॉ.मीणा अपनी ट्रस्ट के माध्यम से लेक्चरर्स करवाते रहते हैं ताकि बच्चे पेड़ के महत्व और पेड़ के लाभों को जानकार पेड़ लगाने के लिए प्रेरित हो सके बड़ी बात यह है कि लाखों की संख्या में पेड़ लगाने के इस ऐतिहासिक कार्य में डॉ. मीणा ने कभी भी ना तो अपनी सर्विस का प्रभाव दिखाकर किसी से किसी भी तरह की मदद ली और ना ही सरकारों से या किसी भामाशाह और दानदाता से किसी भी तरह की मदद ली डॉ.मीणा सिर्फ अपने व्यक्तिगत प्रयासों से सालों से इस वृक्षारोपण अभियान को सफलतापूर्वक संपादित कर रहे हैं जो अपने आप में एक महान कार्य कहा जा सकता है बड़ी बात यह है कि आजकल अगर कोई हजार रुपए भी मंदिर में दान करता है तो उसकी फोटो सोशल मीडिया पर डाल देता है या फिर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में खुद को बड़ा दानदाता बताने की चेष्टा करता रहता है लेकिन अपने पिछले 15 साल के इस वृक्षारोपण अभियान और सामाजिक सरोकारों के कार्यों में कभी भी डॉ. मीणा ने मीडिया का सहारा लेकर प्रचार प्रसार नहीं किया चाहते तो अच्छी हाई प्रोफाइल सर्विस होने की वजह से मीडिया में भी इनके अच्छे जानकार लोग हैं खुद को खूब हाईलाइट करवा सकते थे लेकिन इन्होंने कभी भी अपनेइस परोपकारी कार्य को प्रचार प्रसार से हमेशा दूर रखा ।*



## जयपुर नगर निगम, सामाजिक कल्याण और न्याय विभाग, राजस्व विभाग इत्यादि कई विभागों में हरसहाय मीणा के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा आज भी करते हैं लोग

जानकार लोगों का कहना है कि जयपुर नगर निगम में अतिरिक्त आयुक्त पद पर रहते हुए हर सहाय मीणा ने कई बड़े ऐतिहासिक निर्णय और कई बड़े शानदार कार्य किए जिन्हें लोग आज भी याद करते हैं चाहे वह सफाई कर्मचारियों की भर्ती का मामला हो चाहे वह हर घर कचरा उठाने की बात हो ऐसे कई बड़े निर्णय लिए जिन्हें लोग आज भी नहीं भूले हैं जब तक जयपुर नगर निगम में रहे तब तक अपने नवाचार,नए प्रयोग और बड़े फैसले लेकर जयपुर नगर निगम के कुशल प्रबंधन को गति और नई दिशा देते रहे सफाई कर्मचारियों में भी डॉ. मीणा के प्रति काफी आदर और सम्मान का भाव रहा आज भी सफाई कर्मचारी संगठन के नेता इन्हें खूब याद करते हैं इसी तरह से उपखंड पद पर रहते हुए अलग-अलग जगह पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए हमेशा गंभीरता से काम करते हुए नजर आए जिसमें आदिवासी इलाकों में इन्होंने आदिवासी लोगों की भलाई के लिए खुद को पूरी तरह से समर्पित कर दिया था केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा हर जरूरतमंद आदिवासी परिवार को मिले इसके लिए इस पर इन्होंने अपना पूरा फोकस रखा इसीलिए सलूंबर के आदिवासी समाज के नेता आज भी इन्हें खूब याद करते हैं राजस्व विभाग में भी बड़े पद पर रहने के दौरान इन्होंने बड़ी संख्या में पुराने विवादों का निस्तारण करने के साथ-साथ समय समय पर सरकार के निर्देश पर आयोजित किए गए विभिन्न शिविरों में राजस्व संबंधी तमाम तरह की शिकायतों और कार्यों का निस्तारण करने में डॉ. मीना की काफी अहम भूमिका रही इन उल्लेखनीय कार्यों के लिए इन्हें सरकार की ओर से सम्मानित भी किया गया इसी तरह से समाज कल्याण और न्याय विभाग में भी पेपरलेस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपादित करने में इनकी बहुत बड़ी भूमिका मानी गई थी इसके लिए भी इन्हें सम्मानित किया गया झुंझुनू और जयपुर पूर्व में अतिरिक्त कलेक्टर पद पर रहते हुए भी इन्होंने अपने उल्लेखनीय कार्यों से सरकारों को तो प्रभावित किया ही इसके अलावा क्षेत्र के लोगों को भी काफी राहत प्रदान की कुल मिलाकर इनके बारे में यही कहा जाता है कि उपखंड अधिकारी और अतिरिक्त कलेक्टर के रूप में जहां भी पोस्टेड रहे वहां इन्होंने आमजन के साथ निरंतर अपना जुड़ाव बनाए रखा निरंतर लोगों से मुलाकात करते रहे और उनकी शिकायतों को सुनकर गंभीरता से शिकायतों के निस्तारण के लिए कार्य भी किया तथा सरकारी योजनाओं का जरूरतमंद लोगों को फायदा मिले इस विषय पर इनका सबसे ज्यादा फोकस रहा इसीलिए इनके गहरे पब्लिक टच की चर्चा शासन सचिवालय के गलियारों, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों में भी अक्सर सुनने को मिल जाती है ।

## करीब 28 साल की सर्विस में प्रदेश भर में कई जिलों में महत्वपूर्ण विभागों में रहे पोस्टेड

वर्ष 1997 बैच के राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डॉ.हरसहाय मीणा नोखा, सलूंबर, बामनवास, नोहर, नीमकाथाना इत्यादि कई जगहों पर उपखंड अधिकारी के रूप में पोस्टेड रहे इसके अलावा अतिरिक्त कलेक्टर झुन्झनू, जयपुर ईस्ट पद पर भी रहे इसके अलावा जयपुर नगर निगम में अतिरिक्त आयुक्त पर रहे सामाजिक और न्याय विभाग में निदेशक पद पर रहने के साथ-साथ परिवहन विभाग, राजस्व और आबकारी विभाग में भी बड़े पद पर नियुक्त रहे,मुख्यमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव पर भी इन्हें जिम्मेवारी मिली इसके अलावा सामान्य प्रशासन विभाग में भी महत्वपूर्ण पद पर कार्य किया वर्तमान में राजस्थान वित्त निगम में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर पद पर नियुक्त है इस तरह से डॉ.मीणा के इस लंबे सर्विस के सफर को देखें तो साफ पता चलता है कि राजस्थान की विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारों ने इन्हें हमेशा उनकी योग्यता और उनकी ईमानदारी को देखकर इन्हें महत्वपूर्ण विभागों में काम करने का अवसर दिया और डॉ. मीणा ने भी अपनी इस लंबी सर्विस में हमेशा ईमानदारी और कड़ी मेहनत तथा समर्पित भाव से नियम और कानून के अनुसार अपने पद की जिम्मेदारी को बखूबी से निभाया और लोगों की खूब सेवा की द्य बताया गया है कि इतनी लंबी सर्विस में एक बार भी डॉ. मीना की कार्यशैली और ईमानदारी पर किसी ने भी सवाल खड़े नहीं किया इनकी सर्विस बेदाग रही ।

## डॉ. मीना की धर्मपत्नी सुमन मीणा भी कंधे से कंधा मिलाकर पति का सामाजिक सरोकारों और वृक्षारोपण के कार्यों में दे रही है साथ

डॉ.हरसहाय मीणा की पत्नी सुमन मीणा जमवारामगढ़ पंचायत समिति की सदस्या हैं इससे पहले मानोता ग्राम पंचायत की सरपंच भी रह चुकी हैं लोकप्रियता के मामले में अपने आईएएस पति से बिल्कुल भी काम नहीं है पति भले ही हाई प्रोफाइल सर्विस में हो लेकिन पंचायत समिति बोर्ड में सुमन मीणा ने अपने सरल, मधुर व्यवहार और अपनी पर्सनालिटी से गजब का प्रभाव बनाए रखा जिसकी वजह से अपने वार्ड में भी इन्होंने काफी विकास कार्य संपादित करवाएं सरपंच पद पर रहने के दौरान भी अपनी ग्राम पंचायत को विकास की बुलंदियों पर पहुंचाया इलाके में प्रदेश की विभिन्न बड़ी राजनीतिक पार्टियों के रणनीतिकारों की निगाह सुमन मीणा पर टिकी हुई है इनकी लोकप्रियता का ग्राफ ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर बढ़ता जा रहा है लगातार जन संवाद और लगातार लोगों से मुलाकात करके उनकी समस्याओं का पता लगाकर उनके निवारण करने की अपनी कला के दम पर इलाके में हर जाति और बिरादरी के लोगों में अपना अलग मुकाम बना लिया है, अपने आईएएस पति के साथ कई बार सामाजिक सरोकारों के कार्यों और वृक्षारोपण के कार्य में फील्ड में काम करते हुए इन्हें आसानी से देखा जा सकता है इन दोनों पति पत्नियों में ना रुतबे का गुरूर और ना ही पैसों का घमंड दोनों अपने सहज और सरल अंदाज में हमेशा दिखते हैं अपने मुस्कुराते हुए चेहरे और माधुरी वाणी से देखते ही सबको अपना बना लेते हैं यही खासियत इन दोनों पति पत्नियों को सबसे अलग और सबसे जुदा कर देती हैं । अभी यह कहना तो काफी मुश्किल है कि सुमन मीणा कौन से पॉलीटिकल दल की शोभा बढ़ाने वाली है लेकिन जिस तरह से इलाके में इनकी पापुलैरिटी और इनके सामाजिक सरोकारों के कार्यों और वृक्षारोपण की गतिविधियों की गूंज जयपुर से लेकर दिल्ली तक सुनने को मिल रही है उस से ऐसा दिख रहा है कि सुमन मीणा जल्दी ही किसी बड़े राजनीतिक दल की शोभा बढ़ा सकती हैं।

## सम्पादकीय

### अमेरिका-ईरान टकराव दुनिया को महंगाई और ऊर्जा संकट में धकेल देगा



ईरान पर अमेरिका और इजराइल के साझा हमले के बाद करीब एक पखवाड़े पहले बहुत मुश्किल से दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमति बनी थी। फिर दोनों पक्षों के बीच बातचीत की शुरुआत से यह उम्मीद जगी कि वे युद्ध को पूरी तरह खत्म करने पर राजी हो जाएंगे। मगर आज युद्धविराम की अवधि पूरी होने के बाद भी जैसे हालात दिख रहे हैं, उसमें ईरान और अमेरिका के तेवर समाधान की संभावना के सामने एक बड़ी चुनौती हैं। दूसरी ओर, इस युद्ध के नतीजे में उपजी विकट और जटिल होती परिस्थितियों के बीच ये सवाल उठने लगे हैं कि आखिर अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध का हासिल क्या होगा और उसका खमियाजा दुनिया के कितने देशों को कब तक भुगतना पड़ेगा। खासतौर पर होर्मुज जलमार्ग को बाधित किए जाने के बाद बहुत सारे देशों में जिस तरह प्राकृतिक गैस और तेल का जैसा संकट खड़ा हो गया है, उसे देखते हुए स्वाभाविक ही यह मांग उठने लगी है कि अमेरिका और ईरान का रुख चाहे जो हो, उन्हें वैश्विक हित में खुद को नरम करना चाहिए और किसी भी तरह से युद्ध खत्म हो। यह छिपा नहीं है कि इजराइल और अमेरिका के हमले की प्रतिक्रिया में ईरान ने जब होर्मुज जलमार्ग को रोक दिया, तब से भारत सहित दुनिया के कई देशों में प्राकृतिक गैस और तेल की आपूर्ति व्यापक पैमाने पर बाधित हुई है और वहां का जनजीवन बुरी तरह बाधित हुआ है। ये देश युद्ध में शामिल नहीं हैं, लेकिन उसकी मार से पीड़ित हैं। दरअसल, होर्मुज जलमार्ग के जरिए दुनिया के अलग-अलग देशों में बीस फीसद से ज्यादा ऊर्जा की आपूर्ति होती है। मगर जब से इस मार्ग को बाधित किया गया है, लगभग सभी प्रभावित देशों में लोग न केवल रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल के संकट का सामना कर रहे हैं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरतों के सभी सामान के महंगे होने का दंश भी झेल रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता में इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत भी हुई, मगर वह आखिर विफल रही। अब वैश्विक स्तर पर यह उम्मीद की जा रही है कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध को खत्म करने के लिए फिर से बातचीत आगे बढ़े। अफसोस की बात यह है कि एक ओर अमेरिकी नौसेना की ओर से ईरानी जहाज जब्त करने से लेकर युद्धविराम खत्म होने के बाद ईरान पर ढेरो बम गिराने के ट्रंप की धमकी सामने आ रही है, तो दूसरी ओर अमेरिकी हरकतों को युद्धविराम का उल्लंघन बताते हुए ईरान ने भी वार्ता के अगले दौर में हिस्सा लेने को लेकर अनिच्छा जाहिर की है। सवाल यह है कि युद्धविराम पर सहमत होने के बावजूद अमेरिका की ओर से ऐसे आक्रामक बयान क्यों जारी किए जा रहे हैं और कूटनीतिक स्तर पर बातचीत को आगे बढ़ाने के प्रति गंभीरता क्यों नहीं दिखाई जा रही है। इस तरह के तीखे तेवरों का हासिल यह सामने आ रहा है कि रविवार को भी कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। इसके अलावा भी ईरान सहित खाड़ी देशों के तेल ठिकानों पर जिस पैमाने के हमले हुए हैं, उनका असर वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ना तय है। इससे ज्यादा त्रासद यह है कि इस सबका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दीर्घकालिक असर पड़ेगा, जिससे उबरना सभी देशों के लिए चुनौती साबित हो सकता है। एक तरह से स्पष्ट और दूरगामी विपरीत प्रभाव की आशंका के बावजूद युद्ध की स्थिति को बनाए रखने का क्या औचित्य है? अमेरिका और ईरान दोनों ने संकेत दिया है कि वे पाकिस्तान में होने वाली शांति वार्ता के दूसरे दौर में शामिल हो सकते हैं। यह तब हो रहा है जब दोनों देश सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे को कड़ी चेतावनी भी दे रहे हैं और दो हफ्ते का सीजफायर खत्म होने वाला है। इस बात की जानकारी अधिकारियों ने दी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीएनबीसी को बताया कि वे इस सीजफायर को आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं है। इससे यह संकेत मिलता है कि चल रही बातचीत पर दबाव बढ़ सकता है।

# होर्मुज आपदा में भारत के लिए अवसर



अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम का विस्तार इस ओर संकेत करता हैं कि होर्मुज जलमार्ग का खुलना संभव है। वैसे यदि ऐसा हो जाता है तो भी पूर्ववर्ती व्यवस्था की वापसी संभव नहीं लगती। ईरान युद्ध शुरू होने से पहले खाड़ी क्षेत्र की सामुद्रिक परिवहन व्यवस्था एक नाजुक धारणा पर टिकी थी। करीब 130 जहाज रोजाना इस 33 किमी चौड़े संकरे जल मार्ग से बिना किसी बाधा के गुजरते थे, पर अब यह धारणा ध्वस्त हो चुकी है। आर्थिक दृष्टि से इसका अर्थ है कि होर्मुज के पुन: खुलने के बाद भी बीमा लागत ऊंची रह सकती है। शिपिंग कंपनियां इस मार्ग पर निर्भरता घटाने के लिए अपने मार्गों का पुनर्निर्धारण करने में लगी हैं। खाड़ी सहयोग परिषद यानी जीसीसी देश भी समानांतर रूप से खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा के अपने ढांचे की समीक्षा कर रहे हैं। यह केवल भू-राजनीतिक व्यवधान नहीं है। यह वैश्विक व्यापार संरचना का पुनर्संयोजन भी है। इसमें उन मार्गों, वित्तीय तंत्रों और संस्थागत व्यवस्थाओं का पुनर्गठन हो रहा है, जो तय करते हैं कि सीमा पार वस्तुओं का व्यापार कैसे संचालित होता है। इस उभरते परिदृश्य में भारत विशिष्ट रूप से सशक्त स्थिति में है। दशकों से भारत को मुख्यत: एक ऊर्जा-निर्भर अर्थव्यवस्था के रूप में देखा गया है, जो एक बड़ी हद तक खाड़ी क्षेत्र के तेल एवं गैस पर निर्भर है। होर्मुज संकट ने इस सच को भी उजागर किया है कि भारत केवल खरीदार नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता भी है, विशेष रूप से खाद्य और आवश्यक वस्तुओं के मोर्चे पर। यह शक्ति संतुलन को सूक्ष्म, पर महत्वपूर्ण रूप से बदलने वाला पहलू है। भारत की शक्ति इस बिंदु में निहित है कि वह एक साथ कई संबंधों को संभालने में सक्षम है। उसके ईरान के साथ रणनीतिक संबंध हैं तो संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भी वह अपने संबंधों को प्रगाढ़ कर रहा है। सऊदी अरब, कुवैत और कतर के साथ उसके ऊर्जा संबंध इस क्षेत्र में उसकी केंद्रीय भूमिका को और सुदृढ़ करते हैं। केवल यूएई में ही 43 लाख से अधिक भारतीय प्रवासी समुदाय आर्थिक, सामाजिक और व्यावसायिक संबंधों की कड़ियों को कुछ ऐसे जोड़ता है, जिसका कोई तोड़ नहीं। भारत और यूएई के बीच स्थानीय मुद्राओं के माध्यम से व्यापार अब अमेरिकी डालर के बजाय रुपये और दिरहम में संभव है। इससे मुद्रा उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक वित्तीय जोखिमों का प्रभाव कम होता है। ऐसी सुविधा मौजूद संकट के समय और महत्वपूर्ण हो जाती है।

होर्मुज संकट ने खाड़ी क्षेत्र की खाद्य आपूर्ति शृंखलाओं की कमजोरियों को स्पष्ट कर दिया है। दशकों तक लचीलापन उनकी प्राथमिकताओं में नहीं था, जबकि आज प्राथमिकता निर्णायक रूप से बदल गई है। खाड़ी की अर्थव्यवस्थाएं अब केवल सस्ते आपूर्तिकर्ता की तलाश में नहीं हैं, बल्कि सबसे भरोसेमंद साझेदार को प्राथमिकता दे रही हैं।

यही वह बिंदु है, जहां भारत की भूमिका निर्णायक बन जाती है। यह संकट एक नई आपूर्ति शृंखला के विकास की परिस्थितियों को भी निर्मित कर रहा है। इस संभावित शृंखला के अंतर्गत जहां भारत एक उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित होगा, वहीं खाड़ी क्षेत्र लाजिस्टिक्स हब और वितरण केंद्र के रूप में उभरेगा।

इससे समूची आपूर्ति शृंखला का पुनर्संयोजन होगा, जिसमें लचीलेपन के साथ ही वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी एकीकृत होंगी। इस समय जैसी परिस्थितियां आकार ले रही हैं, उनमें खाद्य पदार्थों, दवाइयों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की बड़े पैमाने पर मांग उत्पन्न होगी। भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है, जो इस मांग को पूरा करने में सक्षम हैं। इसका प्रभाव भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था पर भी होगा। देश के पास पहले से ही आवश्यक संस्थागत और उत्पादन क्षमता मौजूद है। हमारे कृषि-प्रसंस्करण क्षेत्र, निर्यात प्रमाणन प्रणाली, वेयर हाउस वित्तपोषण तंत्र और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का व्यापक नेटवर्क एक मजबूत आधार उपलब्ध कराते हैं। भारत के पास क्षमताओं की कमी कभी नहीं रही, पर उन्हें अपेक्षित रूप से एकजुट नहीं किया जा सका। अब इस दिशा में प्रयास उपयोगी हो सकते हैं। इस समय आपदा की जो स्थिति बनी हुई है, वह अवसर भी प्रदान करती है। इस समय खाड़ी देश दीर्घकालिक और विश्वसनीय आपूर्ति करने वाले साझेदारों की तलाश में हैं। भारत उनकी तलाश को पूरा करने में सक्षम है। अब आवश्यकता नई रणनीति बनाने की नहीं, बल्कि मौजूदा प्रणालियों को एक समन्वित, सरकारी समर्थित व्यापार गलियारे में एकीकृत करने की है, जो उत्पादन, वित्त, लाजिस्टिक्स और अंतरराष्ट्रीय वितरण को एक साथ जोड़ सके। हमें यह नहीं भूलना होगा कि वैश्विक व्यापार में संरचनात्मक परिवर्तन की गुंजाइश लंबे समय तक नहीं बनी रहती। अन्य देश भी आपूर्ति शृंखलाओं को दुरुस्त कर इन अवसरों का लाभ उठाने की दिशा में प्रयासरत होंगे। इसमें देरी करने का अर्थ होगा रणनीतिक अवसर को गंवा देना और ऐसे अवसर बार-बार नहीं मिलते।

*इस उभरते परिदृश्य में भारत विशिष्ट रूप से सशक्त स्थिति में है। दशकों से भारत को मुख्यतः एक ऊर्जा-निर्भर अर्थव्यवस्था के रूप में देखा गया है, जो एक बड़ी हद तक खाड़ी क्षेत्र के तेल एवं गैस पर निर्भर है।*
*होर्मुज संकट ने इस सच को भी उजागर किया है कि भारत केवल खरीदार नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता भी है, विशेष रूप से खाद्य और आवश्यक वस्तुओं के मोर्चे पर। यह शक्ति संतुलन को सूक्ष्म, पर महत्वपूर्ण रूप से बदलने वाला पहलू है। भारत की शक्ति इस बिंदु में निहित है कि वह एक साथ कई संबंधों को संभालने में सक्षम है। उसके ईरान के साथ रणनीतिक संबंध हैं तो संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भी वह अपने संबंधों को प्रगाढ़ कर रहा है। सऊदी अरब, कुवैत और कतर के साथ उसके ऊर्जा संबंध इस क्षेत्र में उसकी केंद्रीय भूमिका को और सुदृढ़ करते हैं। केवल यूएई में ही 43 लाख से अधिक भारतीय प्रवासी समुदाय आर्थिक, सामाजिक और व्यावसायिक संबंधों की कड़ियों को कुछ ऐसे जोड़ता है, जिसका कोई तोड़ नहीं। भारत और यूएई के बीच स्थानीय मुद्राओं के माध्यम से व्यापार अब अमेरिकी डालर के बजाय रुपये और दिरहम में संभव है।*
*इससे मुद्रा उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक वित्तीय जोखिमों का प्रभाव कम होता है। ऐसी सुविधा मौजूद संकट के समय और महत्त्वपूर्ण हो जाती है।*
*होर्मुज संकट ने खाड़ी क्षेत्र की खाद्य आपूर्ति शृंखलाओं की कमजोरियों को स्पष्ट कर दिया है। दशकों तक लचीलापन उनकी प्राथमिकताओं में नहीं था, जबकि आज प्राथमिकता निर्णायक रूप से बदल गई है। खाड़ी की अर्थव्यवस्थाएं अब केवल सस्ते आपूर्तिकर्ता की तलाश में नहीं हैं, बल्कि सबसे भरोसेमंद साझेदार को प्राथमिकता दे रही हैं। यही वह बिंदु है, जहां भारत की भूमिका निर्णायक बन जाती है। यह संकट एक नई आपूर्ति शृंखला के विकास की परिस्थितियों को भी निर्मित कर रहा है। इस संभावित शृंखला के अंतर्गत जहां भारत एक उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित होगा, वहीं खाड़ी क्षेत्र लाजिस्टिक्स हब और वितरण केंद्र के रूप में उभरेगा।*
*इससे समूची आपूर्ति शृंखला का पुनर्संयोजन होगा, जिसमें लचीलेपन के साथ ही वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी एकीकृत होंगी। इस समय जैसी परिस्थितियां आकार ले रही हैं, उनमें खाद्य पदार्थों, दवाइयों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की बड़े पैमाने पर मांग उत्पन्न होगी। भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है, जो इस मांग को पूरा करने में सक्षम हैं। इसका प्रभाव भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था पर भी होगा। देश के पास पहले से ही आवश्यक संस्थागत और उत्पादन क्षमता मौजूद है। हमारे कृषि-प्रसंस्करण क्षेत्र, निर्यात प्रमाणन प्रणाली, वेयर हाउस वित्तपोषण तंत्र और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का व्यापक नेटवर्क एक मजबूत आधार उपलब्ध कराते हैं। भारत के पास क्षमताओं की कमी कभी नहीं रही, पर उन्हें अपेक्षित रूप से एकजुट नहीं किया जा सका। अब इस दिशा में प्रयास उपयोगी हो सकते हैं। इस समय आपदा की जो स्थिति बनी हुई है, वह अवसर भी प्रदान करती है। इस समय खाड़ी देश दीर्घकालिक और विश्वसनीय आपूर्ति करने वाले साझेदारों की तलाश में हैं। भारत उनकी तलाश को पूरा करने में सक्षम है। अब आवश्यकता नई रणनीति बनाने की नहीं, बल्कि मौजूदा प्रणालियों को एक समन्वित, सरकारी समर्थित व्यापार गलियारे में एकीकृत करने की है, जो उत्पादन, वित्त, लाजिस्टिक्स और अंतरराष्ट्रीय वितरण को एक साथ जोड़ सके।*

# रंग बदलती तमिलनाडु की राजनीति



भारत का चुनावी परिदृश्य ऐसा है कि प्रमुख राज्यों में कम से कम एक राष्ट्रीय दल तो मुकाबले में होता है, लेकिन तमिलनाडु इस पैमाने पर बड़ा अपवाद है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस से लेकर वर्तमान में स्वयं को देश के सबसे बड़े दल के रूप में स्थापित कर चुकी भाजपा भी इस राज्य में केवल सहयोगी की भूमिका में हैं। सत्तारूढ़ द्रमुक और विपक्षी अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले खेमे ही यहां अपने-अपने सहयोगियों के साथ सत्ता के समीकरणों को साधने की जुगत में लगे हैं। करीब पांच दशकों से प्रदेश की दो ध्रुवीय हो चली राजनीति को अभिनेता से नेता बने विजय की नवगठित पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम यानी टीवीके त्रिकोणीय बनाने में जुटी है। चूंकि द्रमुक न केवल सत्तारूढ़ दल, बल्कि द्रविड़ राजनीति की मूल प्रवर्तक पार्टी है, इसलिए सबसे पहले उसकी संभावनाओं पर चर्चा उपयोगी होगी। राज्य के राजनीतिक इतिहास पर दृष्टि डालें तो द्रविड़ राजनीति की वटवृक्ष होने के बावजूद द्रमुक कभी लगातार दो बार सत्ता में वापसी नहीं कर पाई है। जबकि अन्नाद्रमुक ने पहले एमजी रामचंद्रन के नेतृत्व में 1977, 1980 और 1984 के चुनावों में लगातार तीन बार और फिर जे. जयललिता के दौर में 2011 और 2016 के चुनावों में लगातार जीत हासिल की। इसका सीधा अर्थ यही निकलता है कि द्रमुक अपने शासन में सत्ता विरोधी रुझान की काट नहीं कर पाती।

इसके कारणों की पड़ताल की जाए तो यह पार्टी मुख्य रूप से पारिवारिक नेतृत्व पर ही निर्भर रही है और इसमें कार्यकर्ताओं या संगठन की शक्ति पर कभी बहुत अधिक जोर नहीं दिया गया। दबे स्वरों में यह बात भी सामने आती है कि पार्टी की सत्ता के दौरान संगठन खासतौर से जिला स्तर के कार्यकर्ताओं की दबंगई और भ्रष्टाचार पार्टी के लिए घातक सिद्ध होता है। ऐसे में, प्रादेशिक नेतृत्व के प्रति जनता में भले ही उतना असंतोष न हो, लेकिन स्थानीय नेतृत्व की कारगुजारियों की कीमत पार्टी को चुकानी पड़ती रही है।

हालांकि ऐसा नहीं है कि केवल द्रमुक ही ऐसी विसंगतियों से त्रस्त है, लेकिन पार्टी सत्ता विरोधी रुझान का अभी तक तो कोई कारगर तोड़ नहीं निकाल पाई है। तब देखना यही होगा कि क्या इस चुनाव में द्रमुक इस रुझान को धता बता पाती है या नहीं?

द्रमुक अगर कभी दोबारा सत्ता में वापसी नहीं कर पाई तो इसका एक कारण यह भी गिनाया जा सकता है कि द्रविड़ राजनीति में तमाम दल उससे टूटकर ही निकले हैं। यहां तक कि अन्नाद्रमुक भी द्रमुक में विभाजन से बनी है। इस कड़ी में एमडीएमके से लेकर कई अन्य छोटे-बड़े दलों के नाम भी हैं। स्पष्ट है कि इन दलों के अस्तित्व में आने के साथ ही द्रमुक का जनाधार भी घटा, क्योंकि नया आकार लेने वाला दल पुराने जनाधार की कीमत पर ही आगे बढ़ता है। इसमें जातीय एवं वर्गीय गोलबंदी और स्पष्ट रूप से सामने आती है। पार्टी का सामाजिक ढांचा भी कमजोर होता है, क्योंकि कुछ तबके उससे छिटक जाते हैं। अन्नाद्रमुक की बात करें तो पहले एमजी रामचंद्रन और फिर जयललिता के निधन से नेतृत्व के स्तर पर उपजी रिक्तता से पार्टी लंबे समय तक नहीं उबर पाई। जबकि द्रमुक में पार्टी के पुरोधा एम. करुणानिधि ने अपने जीवनकाल में ही पीढ़ीगत नेतृत्व का निर्णय करते हुए एमके स्टालिन को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया था। यहां तक कि द्रमुक में अगली पीढ़ी के नेतृत्व के लिए स्टालिन के पुत्र उदयनिधि को भी अभी से तैयार किया जा रहा है।

वहीं, जयललिता के निधन के बाद अन्नाद्रमुक में कई खेमों में बंट गई, जिसका राजनीतिक मोर्चे पर उसे नुकसान भी उठाना पड़ा। हालांकि समय के साथ यह स्थिति कुछ सुधरी है। जयललिता के बाद पार्टी और सरकार की कमान संभालने वाले ई. पलानीसामी को संगठन एवं सरकार दोनों के स्तर पर कमजोर आंका गया

*इसका सीधा अर्थ यही निकलता है कि द्रमुक अपने शासन में सत्ता विरोधी रुझान की काट नहीं कर पाती। इसके कारणों की पड़ताल की जाए तो यह पार्टी मुख्य रूप से पारिवारिक नेतृत्व पर ही निर्भर रही है और इसमें कार्यकर्ताओं या संगठन की शक्ति पर कभी बहुत अधिक जोर नहीं दिया गया। दबे स्वरों में यह बात भी सामने आती है कि पार्टी की सत्ता के दौरान संगठन खासतौर से जिला स्तर के कार्यकर्ताओं की दबंगई और भ्रष्टाचार पार्टी के लिए घातक सिद्ध होता है। ऐसे में, प्रादेशिक नेतृत्व के प्रति जनता में भले ही उतना असंतोष न हो, लेकिन स्थानीय नेतृत्व की कारगुजारियों की कीमत पार्टी को चुकानी पड़ती रही है। हालांकि ऐसा नहीं है कि केवल द्रमुक ही ऐसी विसंगतियों से त्रस्त है, लेकिन पार्टी सत्ता विरोधी रुझान का अभी तक तो कोई कारगर तोड़ नहीं निकाल पाई है। तब देखना यही होगा कि*

# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नगर पालिका के पास श्री महाजन पंचायत में 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व पारदर्शी शिवालय के निकट माता माई के मन्दिर से कलश यात्रा शुरू हुई।

शुक्रवार को कथा में श्रीशुकदेव चरित्र, तुलसी स्तुति, भीष्म स्तुति व परीक्षित चरित्र पर कथा प्रवचन होंगे। कलश यात्रा समापन के दौरान कथा वाचिका आचार्या रजनीश्वरी मिश्रा ने भागवत महात्म्य पर कथा प्रवचन किए। इससे पहले कलश यात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। रजनीश्वरी मिश्रा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का प्रत्येक प्रसंग हमें मानवता की शिक्षा प्रदान करता है। हमारा जीवन किस मार्ग से चले कि उसे लक्ष्य की प्राप्ति हो। भागवत कथा मानव को मानवता ही नहीं, बल्कि मानवता के साथ - साथ वैष्णवता और भगवत्ता की शिक्षा देकर इनका पात्र भी बनाती है। महापुराण का प्रारम्भ करते हुए उन्होंने बताया कि माहात्य के प्रारम्भ में ही श्री सूत महाराज ने शुकदेव की वन्दना करते हुए लिखा है कि श्री शुकदेव जी ने जन्म लेते ही घर से वन की राह पकड़ ली और वन में जाकर भगवान की आराधना में लीन हो गए, और भागवत व भगवान दोनों प्राप्त हो गए। इससे पहले लवाजमे के साथ कलशयात्रा निकली, जिसमें 108 महिलाएं एक ही परिधान में सिर पर मांगलिक कलश लेकर शामिल हुई। भागवत कथा रोजाना दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक होगी। कार्यक्रम में श्री श्याम सखी महिला मण्डल की प्रमुख उमा हेमाणी, सरोज सिंघानिया, सरोज तूनवाल, संजू मिटावा, राजूदेवी सैन, राजकुमार सिंघानिया सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# विकल्पहीन ट्रंप



ईरान को तबाह करने की धमकी दे रहे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस तरह दो सप्ताह से जारी युद्धविराम की अवधि खत्म होने के पहले ही उसे अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया, वह उनके समक्ष पैदा हुई विकल्पहीनता को ही रेखांकित करता है। उनके इस निर्णय से यही स्पष्ट हो रहा है कि वे इस युद्ध से निकलने की राह देख रहे हैं। इसका कारण यह है कि वे लगभग 40 दिनों तक चले युद्ध में न तो ईरान को अशक्त कर पाए और न ही उसके हमलों से खाड़ी देशों की समुचित ढंग से रक्षा कर पाए। वे उसकी नाकाबंदी के बावजूद उसे होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने के लिए बाध्य भी नहीं कर सके। उनके सामने घरेलू मोर्चे पर भी चुनौती बढ़ गई है, क्योंकि एक तो उनके 'मागा' यानी मेक अमेरिका ग्रेट अगेन समर्थक युद्ध के पक्ष में नहीं और दूसरे, उन्हें ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए संसद की अनुमति चाहिए होगी। वह उन्हें शायद ही मिले, क्योंकि विपक्षी डेमोक्रेट संग कई रिपब्लिकन सांसद भी युद्ध के विरोध में हैं। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि होर्मुज बाधित होने से विश्व में जो गहन ऊर्जा संकट पैदा हुआ है, उसका अमेरिका पर भी असर पड़ा है। नि:संदेह यह भी स्पष्ट है कि युद्धविराम तोड़ना जितना अमेरिका के लिए जोखिम भरा था, उतना ही पाकिस्तान के लिए भी। यदि अमेरिका नए सिरे से ईरान पर हमले करता तो वह जवाबी कार्रवाई के तहत सऊदी अरब समेत खाड़ी के अन्य देशों को निशाना बनाता। ऐसे में पाकिस्तान को सऊदी अरब के साथ हुए समझौते के तहत ईरान के खिलाफ मोर्चा खोलना पड़ता और यह उसका संकट और बढ़ाता। चूंकि पाकिस्तान के साथ अमेरिका भी युद्धविराम विस्तार में ही अपना हित देख रहा था, इसलिए ट्रंप ने यह आड़ ली कि वे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री और उसके सैन्य प्रमुख के आग्रह पर युद्धविराम को विस्तार दे रहे हैं। क्या यह विचित्र नहीं कि अभी तक हर मामले में मनमानी करने वाले ट्रंप पाकिस्तान के आग्रह को इतना महत्व दे रहे हैं? इसमें संदेह है कि अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की जो वार्ता टली, वह युद्धविराम विस्तार से फिर शुरू हो सकेगी, क्योंकि ईरान अमेरिकी नाकेबंदी को युद्धविराम का उल्लंघन मानकर अमेरिका से बात करने से इन्कार कर रहा है। वह अमेरिकी धमकियों से भी बेपरवाह है। अमेरिका और पाकिस्तान के सामने समस्या यह भी है कि उनके लिए यह जानना कठिन है कि ईरान में चल किसकी रह रही है-

## थाने में वाटर कूलर भेंट, स्टाफ व परिवादियों को मिलेगी राहत



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** भीषण गर्मी को देखते हुए क्षेत्र के भालेरी थाने में जनसहयोग का सराहनीय उदाहरण सामने आया है। उप पुलिस अधीक्षक रोहित सांखला की प्रेरणा एवं कांस्टेबल श्रवण कुमार सैनी के आग्रह पर कस्बे के प्रॉपर्टी डीलर असगर अली टाक ने थाना परिसर में वाटर कूलर भेंट किया। थानाधिकारी मांगूराम ने बताया कि वाटर कूलर लगने से थाना स्टाफ व आने वाले परिवादियों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सकेगा, जिससे गर्मी में काफी राहत मिलेगी। उन्होंने थाना स्टाफ की ओर से असगर टाक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक उप निरीक्षक हरफूल सिंह, नागरमल, सुशील कुमार, रामप्रसाद, एचएम कृष्ण कुमार चोपड़ा, हैड कांस्टेबल सुभाष मीणा, कांस्टेबल रूपाराम, सुरेश कुमार, कुलदीप, मुबारिक अली लुहार सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

## एक ही मरीज के लिए 8 लोगों ने किया रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय सरकारी अस्पताल मे भर्ती ग्रामीण क्षेत्र की बुजुर्ग महिला मरीज के प्लेटलेट काफी कम होने के कारण डॉ की ओर से प्लेटलेट चढ़ाने की आवश्यकता बताने पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की अपील पर तनुज लाटा, प्रहलाद राणा गोपालपुरा, पवन सीलू लोढ़सर, इस्लाम कादरी, कसूम्बी से अनिल पिलानिया, हरी प्रजापत, पुखराज राठी, मलसीसर से मुकेशदत ने सुजानगढ़ ब्लड बैंक आकर रक्तदान कर फर्ज निभाया। इस अवसर पर हेमासर से धर्मवीर चैधरी, मलसीसर पूर्व सरपंच मुकेश, राहुल चन्देलिया, महावीर सिंह, ब्लड बैंक से राकेश आदि उपस्थित रहे। स्वर्णकार ने बताया कि ऐसा काफी कम देखने को मिलता है कि एक ही मरीज के लिए इतने सारे लोगों ने रक्तदान किया हो।

## पृथ्वी दिवस पर ऋषिकुल स्कूल में हुए विविध आयोजन





जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर ऋषिकुल स्कूल में गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण, वनों की कटाई, जैव विविधता में कमी व जल संकट जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पार्थ हाउस ने प्रथम, ओजस हाउस ने द्वितीय तथा तेजस हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन अंकिता शर्मा, मधु मिश्रा एवं ज्योति ठाकुर ने किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में छवि कुमावत व कैथरीन प्रथम, अंशिका शर्मा व अनिका मोदी द्वितीय तथा वैभव तृतीय स्थान पर रहे।स्काउट गाइड प्रभारी बनवारी लाल मिल के निर्देशन में विद्यार्थियों ने पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। संस्था प्रधान डॉ. रेखा शर्मा ने विद्यार्थियों को जैविक खाद बनाने की जानकारी देते हुए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कविता एवं भाषण के माध्यम से पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। संचालन प्रियंका पारीक ने किया।

## पांच दिवसीय परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ अभियान का शुभारम्भ

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** इंसानियत एकता सेवा समिति की ओर से पांच दिवसीय परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ अभियान का शुभारम्भ गुरुवार को हुआ। समिति के सदस्यों ने तारानगर रोड़ स्थित राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में परिंडे लगाकर अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर




समिति संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब ने बताया कि अभियान के तहत शेखावाटी क्षेत्र के सभी शहरों, तहसीलों, कस्बों और गांवों में 511 परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए नियमित रूप से दाने-पानी की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन स्थानों पर परिंडे लगाए जाएंगे, उनकी देखभाल की सम्पूर्ण जिम्मेदारी समिति के पदाधिकारियों की रहेगी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को चाहिए कि अपने आसपास के पेड़ों पर परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए दाने-पानी की व्यवस्था करें। गौरतलब है कि समिति ने समय-समय इस प्रकार के नेक कार्य कर एक मिशाल पेश की है। इस दौरान वरिष्ठ सदस्य अयूब खान चायल, मीडिया प्रभारी मो. अली पठान, महबूब खान, सुलेमान मनिहार, नियाज मोहम्मद, इमरान बी.खान, सिकंदर खान, रतनलाल, जावेद खान, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद सलीम, समीर मनीहार आदि मौजूद रहे। व्यवस्थापक इंजी. जाफर खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## मण्डावा में विश्व पुस्तक दिवस मनाया

# निंबध और भाषण से स्टूडेट्स में पढ़ने की रुचि बढ़ी, पुस्तकों को बताया जीवन का मित्र

जयपुर टाइम्स




**मण्डावा(निस)।** नगर पालिका के निकट पूनम बालिका महाविद्यालय में गुरुवार को विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पढ़ने की रुचि विकसित करना और पुस्तकों के महत्व को समझाना था।

### प्रार्थना सभा से कार्यक्रम की शुरूआत:


प्राचार्या नीतू ढ़ाका ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पुस्तकों के महत्व, अध्ययन की आदत और जीवन में शिक्षा की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि पुस्तकें केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे व्यक्तित्व विकास और नैतिक मूल्यों का सशक्त आधार होती हैं।

### विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन:

इस अवसर पर निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, वाचन गतिविधि, स्लोगन लेखन और पुस्तक प्रदर्शनी जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी पसंदीदा पुस्तकों तथा लेखकों पर अपने विचार साझा किए। पुस्तक प्रदर्शनी के जरिए विद्यार्थियों को कई ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक पुस्तकों से परिचित कराया गया। शिक्षकों ने उन्हें पुस्तकालय का नियमित उपयोग करने और प्रतिदिन पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज निदेशक प्रवीण बगड़िया और शिक्षिका आकाक्षां शर्मा ने कहा कि डिजिटल युग में भी पुस्तकों का महत्व कम नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि पुस्तकें जीवन की सच्ची मित्र होती हैं, जो सही दिशा दिखाती हैं और विचारों को समृद्ध बनाती हैं। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को नियमित अध्ययन करने और पुस्तक प्रेमी बनने का संदेश दिया गया।

# ताल छापर अभयारण्य की मृग गणना विशेष दल से करवाने की मांग

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** वन, वन्यजीव व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्य के वन मंत्री संजय शर्मा, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता और सदस्य सचिव, राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड को अलग -अलग पत्र प्रेषित कर ताल छापर अभयारण्य के कृष्ण मृगों की गणना विशेष दल से करवाने की मांग की हैं। पत्र में डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने लिखा कि कृष्ण मृगों की प्रतिवर्ष होने वाली गणना में स्थानीय वन विभाग के आंकड़े संतोषजनक नहीं हैं। मृग गणना में स्थानीय वन विभाग की ओर से जागरूकता नहीं बरती जाती और पारदर्शिता के नितान्त अभाव के कारण मनमर्जी के आंकड़े दिये जाते हैं। पत्र में लिखा गया कि पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ वॉटर होल, ट्रांजिट लाइन, ट्रेप विधि के साथ अन्य विश्व स्तरीय आधुनिक तकनीक से इन मृगों की गणना होनी चाहिए। ताकि भारतीय उप महाद्वीप में पाई जाने वाली ऐंटीलोप की जैव वैज्ञानिक प्रजाति के दुर्लभ कृष्ण मृगों के संरक्षण के प्रति अधिक गम्भीरता से कार्य किया जा सके। पत्र में एक विशेष गणना दल का गठन कर उसमें विश्वविद्यालय के प्राणी शास्त्र के विभागाध्यक्ष, सहायक आचार्य व शोधकर्ताओं को सदस्य बनाये जाये। पत्र में इस दल में पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सा अधिकारियों, वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, ताल छापर कस्बे के वन्य जीव प्रेमियों और ताल छापर अभयारण्य की रेंज के बाहर अधिकारियों विशेष रूप से प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारियों को जोड़ने का सुझाव दिया गया। इससे कृष्ण मृगों की वास्तविक संख्या के साथ - साथ उनकी वास्तविक स्थिति का भी आंकलन होगा। पत्र में लिखा गया कि अगर एक विशेष दल का गठन कर मृग गणना करवाई जाती है तो इससे केन्द्र और राज्य सरकार के वन्य जीव संरक्षण के प्रति सहानुभूति का सकारात्मक संदेश जनता में जायेगा। पत्र की प्रतिलिपि जिला कलक्टर व जिला मजिस्ट्रेट, चूरू तथा उप वन संरक्षक चूरू को भी प्रेषित की गई है।

# गर्मी के मौसम में जलसेवा पुण्य का कार्य- पारीक

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की ओर से भीषण ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए शीतल पेय जल सेवा प्रकल्प के तहत क्लब अध्यक्ष निर्मल भूतोडिया व सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा की प्रेरणा की ओर से द्वितीय चरण में नगर के चार स्थानों पर निशुल्क पेयजल सेवा शुरू की गई। तहसील कार्यालय के समक्ष मुख्य अतिथि तहसीलदार गिरधारी लाल पारीक ने इस पुनीत मुहिम का उद्घाटन किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने बताया कि राहगीरों व आम जनता के लिए शीतल जल उपलब्ध करवाना पुण्य का कार्य है। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था व्यक्तिगत स्तर पर करने का आह्वान किया। भामाशाह व चिकित्सक डॉ सरोज छाबड़ा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में क्लब संस्थापक अध्यक्ष दानमल भोजक ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आज चार जल पॉइंट में तहसील कार्यालय के सामने मोहिनी देवी छाबड़ा की स्मृति में उनके पुत्र डॉ सरोज छाबड़ा के सौजन्य से, देवसागर सिंघी जैन मंदिर ट्रस्ट की ओर से सिंघी मंदिर के पीछे मनु देवी सुराणा की स्मृति में झंकार नवरत्नमल सुराणा ट्रस्ट, कोलकाता के सहयोग से, पंचायत समिति के सामने श्रीमती कौशल्या प्रकाशचंद्र गुलेरिया के सौजन्य से ठरड़ा के शिवालय पर उक्त पेय जल व्यवस्था शुरू की गई है। इस अवसर पर अति. प्रशासनिक अधिकारी ओमप्रकाश बंजारा, हेमराज नाहटा, अभिलाष छाबड़ा, स्नेहप्रभा मिश्रा, कौशल्या गुलेरिया, हाजी मोहम्मद, योगेंद्र भोजक, अमित शर्मा, अंकित चोटिया, प्रतीक चोटिया, काशिफा, हरिओम, संदीप पारीक, रूपचंद स्वामी आदि मौजूद रहे। सभी ने क्लब के इस सेवा कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की।

## रोडवेज बस की चपेट में आने से युवक की मौत

**सरदारशहर(निस)।** शहर की कृषि उपज मंडी के सामने गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार बिहार के समस्तीपुर निवासी विकास कुमार ने रिपोर्ट दी कि वह अपने ममेरे भाई दीनदयाल कुमार के साथ सरदारशहर व भादासर धानमंडी में मजदूरी करता था। बताया गया कि दोनों भादासर से रोडवेज बस में सवार होकर सरदारशहर पहुंचे। कृषि उपज मंडी के सामने बस रुकवाकर उतरते समय चालक ने अचानक तेज गति से बस चला दी। इसी दौरान दीनदयाल कुमार बस की चपेट में आ गए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों की सहायता से उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि हादसा बस चालक की लापरवाही के कारण हुआ है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## छापर में 15 लोगों ने लिया नेत्रदान का संकल्प

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लायंस क्लब की ओर से शुरू की गई नैत्रदान की मुहीम रंग लाने लगी है और छापर में 15 लोगों ने नैत्रदान की घोषणा की है। लायंस क्लब की ओर से गुरुवार को छापर में पहला नेत्रदान करने वाली स्वर्गीय रामप्यारी देवी दाधीच पत्नी स्वर्गीय झूमरमल दाधीच के देवर चैनरूप और पुत्र पवन दाधीच व उनके परिवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिवार के 15 लोगों ने एक साथ नेत्रदान करने का संकल्प लिया। साथ ही नेत्रदान के प्रति जागरूकता को बढ़ावा के लिए नेत्रदान प्रेरणा पोस्टर का विमोचन भी किया गया। मौजूद लोगों ने पोस्टर के माध्यम से नेत्रदान का संदेश ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बाबूलाल शर्मा, जयचंदलाल दाधीच, चैनरूप दायमा, डॉ. गिरधारी रतावा, श्रीराम शर्मा, जनार्दन शर्मा, रामचंद्र शर्मा, रामदयाल शर्मा तथा पवन शर्मा सहित 15 लोगों ने नेत्रदान का संकल्प लेकर अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया। चैनरूप दायमा ने कहा कि मृत्यु के बाद नेत्रदान सबसे बड़ा मानवीय दान है और एक व्यक्ति का नेत्रदान दो लोगों के जीवन में उजाला ला सकता है। छापर और आस पास के क्षेत्र मे घर-घर जाकर इस मुहिम को युद्ध स्तर पर ले कर जाएंगे और अधिकतम नेत्रदान करने के लिए लोगों को संकल्प करवाएंगे। इस दौरान लायन्स क्लब सुजानगढ़ की ओर से जोन चेयरमैन कमल तापड़िया, अध्यक्ष प्रशांत पारीक व देवेंद्र बेदी मौजूद रहे।

## घर-घर कचरा संग्रहण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी करवाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निवर्तमान पार्षद रेंवतमल पंवार के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज के लोगों ने गुरुवार को उपखंड कार्यालय में ज्ञापन सौंपते कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए घर-घर कचरा संग्रहण के नए टेंडर को निरस्त करने का प्रयास करने के आरोप लगाए। निवर्तमान पार्षद रेवंतमल पंवार के साथ आए वाल्मीकि समाज के लोगों ने बताया कि नगर परिषद सुजानगढ़ की ओर से घर घर कचरा संग्रहण के लिए टेंडर 18 मार्च को आमंत्रित किया गया था, जिसमें सात फर्मों ने भाग लिया था और अब तक फाइनेंशियल बीड नहीं खोली गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि लम्बा समय बीत जाने के बाद भी यह टेंडर नहीं खोला जा रहा है, जिससे यह अंदेशा बना हुआ है कि इसे निरस्त करवाने का प्रयास कार्यवाहक आयुक्त की ओर से किया जा रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि नया टेंडर निष्पक्ष रूप से जल्दी खोलकर वर्क ऑर्डर जारी किए जाए। ज्ञापन सौंपते वक्त विकी धाकड़, अजित कुमार, अमित कुमार, चरणदास, नोरतन, गोपाल, पिंटू खेरवाल, दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे। उसके बाद सभी लोगों ने एडीएम संतोष कुमार को भी इसी मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस बारे में तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक से बात करने पर उन्होंने कहा कि मैं किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं हूं, मुझे चार्ज मिलते ही मैंने नगरपरिषद की व्यवस्थाओं को सही करने का प्रयास किया है, ताकि जनता को अच्छी सेवाएं मिल सके। रही बात टेंडर की तो, टेंडर अगर पिछे से कोई बाकी हैं और नियमानुसार होने हैं, तो वो जरूर जारी होंगे। मैं न तो किसी टेंडर को रूकवा सकता हूं और न ही किसी टेंडर को जबरदस्ती जारी करवा सकता हूं। सारे काम नियमानुसार होने हैं।


### कार्यालय नगर पालिका, रींगस, जिला- सीकर (राज0)

SR.NO. :- न.पा.री/2026-27/199 DATE : 22/04/2026
Email - ringas.jaipur@gmail.com

**-: आपत्ति आमंत्रण सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति आवासीय प्रयोजनार्थ भवन निर्माण स्वीकृति हेतु पत्रावली प्रस्तुत की है :-

| क्र.सं. | नाम प्रार्थी | क्षेत्रफल | स्थान | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शर्मा चन्द्रप्रकाश भगवानदास पुत्र शर्मा भगवानदास निवासी-रीगस हाल निवास- प्लाट न. 255, लीलाशाह नगर वार्ड-12 / सी गांधीधाम, कच्छ, गुजरात | 87.36 वर्गगज | चन्द्र पत्थर रींगस | स्टैण्ड, भूतल + 3 आवासीय प्रयोजनार्थ मंडी, भवन निर्माण स्वीकृति बाबत। |

अतः किसी व्यक्ति विशेष को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों सहित 7 दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका रींगस**

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बोदुराम सैन ने मेरे अभिभाष्य चोलामंडलम इनवेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को अपनी संपत्ति प्लाट न. बी-13, अनूपम श्याम नगर फेज -II, खसरा नंबर 983/3 ग्राम चौमू पुरोहितान, तहसील श्रीमाधोपुर, जिला सीकर, राजस्थान क्षेत्रफल 100.00 व.ग. पर ऋण हेतु आवेदन किया है। उक्त बोदूराम सैन ने यह जाहिर किया है कि उनकी उक्त संपत्ति के सम्बन्ध मे श्री सुण्डाराम पुत्र श्री बक्शाराम द्वारा श्री रामानन्द शर्मा पुत्र श्री जे. आर. शर्मा के पक्ष में निष्पादित मूल पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 11-11-2019 कहीं खो गया है । उक्त संपत्ति के स्वामित्व एवं ऋण के बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक या संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति या आक्षेप हो तो 7 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करे।

**भवदीय,**
**चन्द्रदीप नन्दलाल एडवोकेट**
**मो0 9829233343**

### कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी.बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

Email-, msdbhchuru@gmail.com Phone: -01562-250333

क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/ 250 दिनांकः-20/4/2026

**-: ई - निविदा आमंत्रण सूचना :-**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बेडशीट क्रय हेतु | 15.00 लाख | 30-04-2026 | MHS2627GLRC00344 |

**(सदस्य सचिव (RMRS)**
DIPR/C/7253/2026 **राजकीय डी.बी.सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

### OFFICE OF GRAM PANCHAYAT NYORANA P.S. PATAN (SIKAR)

S.No. 10 DATE : 22-04-26

**Notice Inviting Bid**

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 22-04-2026, 09:30 AM to 29-04-2026, 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the work is maximum RS. 500000/-

UBN No. PKP2627WSOB00028

**PRASHASHAK**
**GP NYORANA**

**VDO**
**GP NYORANA**

200 करोड़ मनी लॉन्ड्रिंग केस:

# जैकलीन की अप्रूवर बनने की अर्जी पर सुनवाई टली

### अब 8 मई को होगा फैसला

200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक बार फिर नया मोड़ सामने आया है। दरअसल, बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस की ओर से सरकारी गवाह (अप्रूवर) बनने के लिए दाखिल अर्जी पर पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई टल गई है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 8 मई को होगी। जानकारी के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोर्ट से जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगा है, साथ ही एजेंसी ने जैकलीन की इस अर्जी का विरोध भी किया है। सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत के सामने कहा कि जैकलीन की ओर से दायर की गई अर्जी आधारहीन है। साथ ही कोर्ट से अतिरिक्त समय की मांग की, जिसे अदालत ने स्वीकार किया। इससे पहले पिछली सुनवाई में कोर्ट ने जैकलीन की अर्जी पर ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा हुआ है, जिस पर 200 करोड़ रुपए की ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप हैं। इस हाई-प्रोफाइल केस में जैकलीन फर्नांडिस का नाम तब सामने आया था, जब जांच एजेंसी ने दावा किया कि सुकेश ने ठगी के पैसों से उन्हें कई महंगे गिफ्ट्स दिए थे। इसी आधार पर ईडी ने उन्हें इस मामले में आरोपी बनाया था।





# अक्षय के छूटे पसीने!

### वामिका गब्बी के 'बेतुके' जोक्स ने खिलाड़ी कुमार को किया परेशान

**अभिनेता** अक्षय कुमार इंडस्ट्री में अपने प्रैंक्स को लेकर काफी मशहूर हैं। उनके प्रैंक और मजाकिया लहजे को लेकर प्रशंसकों के बीच चर्चा रहती है। अक्सर इंडस्ट्री के सेलेब्स भी उनके इस लहजे से परेशान रहते हैं, लेकिन इस बार अक्षय किसी से परेशान होते नजर आ रहे हैं। दरअसल, अभिनेत्री वामिका गब्बी ने अपने बेतुके जोक्स से अक्षय को परेशान कर दिया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अभिनेत्री अक्षय से कुछ पंजाबी जोक्स पूछ रही हैं, और अभिनेता का रिएक्शन देखने लायक है। पहले जोक में वामिका कहती हैं, 'सर, अगर किसी की मौसी दूर रहती है तो उसे इंग्लिश में क्या कहेंगे?' इसका जवाब खुद अभिनेत्री देते हुए कहती हैं, 'फार्मेसी। ' इसके बाद वामिका ने दूसरा सवाल पूछते हुए कहा, 'दो लोग बैडमिंटन खेल रहे थे, पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। क्यों?' जब अक्षय जवाब नहीं दे पाए तो वामिका ने बताया, 'क्योंकि वे रैकेट का इस्तेमाल कर रहे थे। फिर वामिका ने तीसरा जोक मारा - 'ऐसी जगह का नाम बताओ जहां गाना गाने की इजाजत नहीं है?' उन्होंने जवाब दिया, 'नागालैंड '। ये सुनकर अक्षय कुमार हंसते हुए बोले, 'बस करो यार। ' वामिका ने इस क्लिप को इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा, 'प्रेमिका के पीजे पर हंसी हुई फरार, अक्षय सर बोले, 'बस करो यार।' भूत बंगला अब सिनेमाघरों में है। अपने टिकट अभी बुक करें। ' ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है।

यूजर्स वामिका के जोक्स और अक्षय के रिएक्शन पर खूब हंस रहे हैं। फिल्म 'भूत बंगला' एक हॉरर-कॉमेडी है, जिसमें अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल के अलावा, राजपाल यादव और मिथिला पालकर भी अहम रोल में नजर आ रहे हैं। हॉरर- कॉमेडी फिल्म को अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म प्रियदर्शन की दूसरी हिंदी हॉरर कॉमेडी फिल्म है। इससे पहले उन्होंने 'भूलभुलैया' बनाई थी। यह फिल्म 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है।

# जूनियर एनटीआर की अपकमिंग फिल्म की रिलीज टली

साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर अपने एक्शन अंदाज के लिए जाने जाते हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का एक धमाकेदार पोस्टर रिलीज हुआ। इसमें फिल्म से जुड़ी जानकारी और बदली हुई रिलीज डेट भी मेकर्स ने साझा की है।

साउथ फिल्म 'आरआरआर' और बॉलीवुड फिल्म 'वॉर 2' में अपने एक्शन से जूनियर एनटीआर ने सबको अपना कायल बना दिया था। आगे भी उनका एक्शन अंदाज फैंस को देखने को मिलेगा। वह अपनी नई एक्शन भी फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं। मंगलवार को मेकर्स ने जूनियर एनटीआर की आगामी फिल्म का एक पोस्टर साझा किया है। साथ ही बताया है कि यह फिल्म कब रिलीज होगी?

### एक्टर के जन्मदिन पर मिलेगी फिल्म की पहली झलक

जूनियर एनटीआर की अपकमिंग फिल्म के पोस्टर में उनका इंटेंस लुक नजर आ रहा है। साथ ही इसकी पहली झलक या टीजर दर्शकों को 20 मई को देखने को मिलेगा। यह दिन मेकर्स ने इसलिए चुना है क्योंकि इस दिन जूनियर एनटीआर का जन्मदिन होता है। इस फिल्म को प्रशांत नील निर्देशित करेंगे। कब रिलीज होगी जूनियर एनटीआर की फिल्म?

जूनियर एनटीआर की आगामी फिल्म पहले 25 जून 2026 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब यह टल गई है। जूनियर एनटीआर की फिल्म की नई रिलीज डेट भी मेकर्स ने शेयर की है। अब यह फिल्म अगले साल तक बनकर तैयार होगी। मेकर्स ने पोस्टर पर ही 11 जून 2027 की तारीख दी है।



### फिल्म की कहानी को लेकर भी दिया हिंट

फिल्म के पोस्टर को इंस्टाग्राम पर जूनियर एनटीआर ने भी साझा किया है। इस पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा है, 'उसका राज, उसकी धरती।' इस एक लाइन से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह फिल्म में कोई दमदार किरदार करेंगे। साथ ही इस फिल्म में एक्शन की डबल डोज भी दर्शकों को मिल सकती है।

# सैयारा फेम एक्ट्रेस अनीत पड्डा पर टूटा दुखों का पहाड़, दादा के निधन से टूटीं अभिनेत्री

यश राज फिल्म्स की फिल्म 'सैयारा' से अपना डेब्यू करने वाली अनीत पड्डा एक बार फिर निर्देशक मोहित सूरी की अपकमिंग फिल्म 'सतरंगा' में अहान पांडे के साथ दिखने वाली हैं, लेकिन इसी बीच अभिनेत्री पर दुखों का पहाड़ टूट चुका है क्योंकि जीवन के सबसे प्यारे इंसान ने उन्हें अलविदा कह दिया है। अनीत पड्डा ने सोशल मीडिया के जरिए अपने दादा जी के निधन की जानकारी दी है, जो काफी समय से अल्जाइमर रोग से जूझ रहे थे। अभिनेत्री ने अपने दादा के हाथ की फोटो शेयर की है और अपने इमोशन को शब्दों के जरिए जाहिर किया। उन्होंने लिखा, 'मेरे जीवन का एकमात्र प्यार। आप मुझसे दूर जा रहे थे, लेकिन मक्खन (अनीत का निकनेम) को नहीं भूले। आपने प्यार को थामे रखा, भले ही आप यादों को थामे नहीं रख सके। मैं दोनों को थामे रहूंगी। मैं हमारे साथ बिताए सभी पलों को संजोकर रखूंगी। मैं एक अच्छा इंसान बनूंगी। मैं आपके चुटकुले याद रखूंगी और जब भी मौका मिलेगा उन्हें दोहराऊंगी। मैं आपकी दयालुता और आपकी रोशनी को हर अंधेरे कमरे में ले जाऊंगी। मैं आपकी कहानियां याद रखूंगी और दुनिया को सुनाऊंगी। मैं आपके प्यार को थामे रहूंगी। आपने मुझे सबसे शुद्ध और सबसे निशर्त प्यार करना सिखाया। ' अनीत पड्डा ने लिखा, 'आज मैंने आकाश में सबसे चमकीला तारा देखा और मैं जान गई कि आप कहां गए। मैं आपसे प्यार करती हूं दादाजी और हमेशा अपनी सीमाओं से परे करती रहूंगी। अभिनेत्री के पोस्ट से साफ है कि वे अपने दादाजी के साथ कितना लगाव रखती थीं। बता दें कि सैयारा रिलीज के समय भी अभिनेत्री के दादाजी की तबीयत खराब होने के वजह से थिएटर नहीं आ पाए थे, लेकिन फोन में कुछ वीडियो को देखकर उन्होंने अनीत को पहचान लिया था और चेहरे पर बड़ी स्माइल आ गई थी। यह पल अभिनेत्री के लिए बहुत खास रहा था।





# पहली बार इस एक्टर संग काम करेंगे सूरज बड़जात्या

'हम साथ साथ हैं', 'हम आपके हैं कौन' और 'विवाह' जैसी हिट फिल्मों के डायरेक्टर सूरज बड़जात्या ने अपनी अगली फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। सूरज बड़जात्या ने आखिरी फिल्म 'ऊंचाई' डायरेक्ट की थी। अब इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म बनाने में व्यस्त हैं। फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट भी डायरेक्टर ने कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर ये अपडेट शेयर किया, और फिल्म से जुड़ी बाकी जानकारी भी दी।

### क्या है फिल्म का नाम?

सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर 'ये प्रेम मोल लिया' रखा गया है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया है।

### फिल्म की स्टार कास्ट

इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। अब तक इस प्रोजेक्ट की ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई थी, लेकिन मंगलवार सुबह मेकर्स ने फिल्म का टाइटल और रिलीज डेट दोनों अनाउंस कर दिए।

### हिमेश रेशमिया देंगे म्यूजिक

फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया तैयार कर रहे हैं। राजश्री फिल्म्स इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। आने वाले हफ्तों में फिल्म से जुड़ी और जानकारी सामने आने की उम्मीद है।



# 'अब मैं बस वरुण का पापा रहूंगा'

### डेविड धवन की आखिरी फिल्म होगी 'है जवानी तो इश्क होना है'? डायरेक्टर बोले-

डेविड धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले डायरेक्टर ने बड़ा बयान दिया जो चर्चा का विषय बन गया है। हाल ही में 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था। इस फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म जल्द ही थिएटर्स में रिलीज होगी, लेकिन इससे पहले डेविड ने अपने करियर से जुड़ा एक बड़ा बयान दिया है, जो अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। जानिए उन्होंने क्या कहा।

एएनआई को दिए एक इंटरव्यू में डेविड धवन ने कहा कि 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब मुझे और फिल्में करना चाहिए।




# राजा शिवाजी' के ट्रेलर लॉन्च पर छलके रितेश के आंसू

**अभिनेता** रितेश देशमुख की बहुप्रतीक्षित पीरियड ड्रामा फिल्म 'राजा शिवाजी' का ट्रेलर सोमवार को जारी कर दिया गया। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक पीरियड ड्रामा है, जो मई 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर लॉन्च के लिए मुंबई में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान फिल्म की पूरी टीम मौजूद नजर आई। इस दौरान रितेश और जेनेलिया काफी भावुक नजर आए। दोनों की आंखों में आंसू साफ नजर आ रहे थे। भावुक रितेश ने कहा, 'मैंने पहले सभी से कहा था कि अपने रुपए संभालकर रखिए। हमारे सिर पर छत्रपति शिवाजी महाराज का हाथ है। मुझे अच्छे से याद है कि स्कूल के समय एनुअल डे के दौरान बांसुरी बजाई थी और एक राजा का रोल भी किया था। वही मेरा घर था। आज वही शिवाजी महाराज का सैनिक इस मंच पर खड़ा है। महाराज की कृपा से मुझे आप सभी की तरफ से जोरदार तालियां मिल रही हैं। चाहे मंच हो, दिवाली हो, शिव जयंती हो या कोई भी नाटक-कला का रूप हो, वह इंसान बहुत भाग्यशाली होता है जिसे कोई किरदार निभाने का मौका मिलता है। मुझे यह मौका बचपन में ही मिल गया था। ' उन्होंने आगे कहा, 'जियो स्टूडियोज और ज्योति देशपांडे ने इस प्रोजेक्ट में पूरा जोर लगाया है। मैं उनका बहुत आभारी हूं। संजू सर का भी मैं दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। ' अभिनेता संजय दत्त ने भी फिल्म को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म बहुत खास है। रितेश मेरा छोटा भाई जैसा है। मैं खुश हूं कि हमारे पिता के समय से ही हमारा परिवार एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। इस फिल्म में काम करके मुझे बहुत अच्छा लगा। ज्योति और पूरी टीम को बहुत बहुत धन्यवाद। ' अभिनेता अभिषेक बच्चन ने ट्रेलर की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, 'ट्रेलर देखकर मेरे रोंगटे खड़े हो गए। ज्योति, रितेश और पूरी टीम को शानदार फिल्म बनाने के लिए बधाई। इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं बल्कि, एक भावना है।

# तखतगढ़ में 100 फीट ऊंचे तिरंगे का राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने किया अनावरण, 351.83 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के तखतगढ़ कस्बे में गुरुवार को भव्य कार्यक्रम के बीच सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने नेहरू रोड चौराहे पर 100 फीट ऊंचे तिरंगे का अनावरण किया। कार्यक्रम का आयोजन बस स्टैंड परिसर में हुआ, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने संयुक्त रूप से तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति सम्मान और एकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर नगर पालिका तखतगढ़ के माध्यम से 351.83 लाख रुपए की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास एलईडी के माध्यम से रिमोट द्वारा किया गया। अतिथियों ने क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था के लिए निर्माणाधीन नाले का भी निरीक्षण किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर तथा राजस्थान सरकार के पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एवं पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत 10 लाभार्थियों को 50-50 हजार रुपए के चैक वितरित किए। राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्र की आन, बान और शान का प्रतीक है और ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने नगर पालिका तखतगढ़ के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया तथा सिक्किम राज्य की भौगोलिक व प्राकृतिक विशेषताओं की जानकारी भी साझा की।





## विकास कार्यों से क्षेत्र को मिलेगी मजबूती : कुमावत

कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास के साथ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय मूल्यों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि तखतगढ़ में 30 मीटर ऊंचे तिरंगा पोल का लोकार्पण, रेन बसेरा निर्माण, खेड़ावास में पानी की टंकी का निर्माण, पक्षी गृह निर्माण का शिलान्यास, संघवी केसरी सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में टीनशेड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट लैब निर्माण, पीएमश्री राबाउमावि तखतगढ़ में अतिरिक्त कक्षा कक्ष एवं विज्ञान प्रयोगशालाओं का लोकार्पण किया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सगीदेवी पत्नी मोतीराम, पप्पूराम पुत्र प्रतापराम, जगमालराम पुत्र प्रतापराम, पूजादेवी पत्नी छगनलाल, सासाराम नरसा को 50-50 हजार रुपए के चैक दिए गए। वहीं पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत सोहनसिंह पुत्र मीठूसिंह, पुखाराम पुत्र गजाराम प्रजापत, पोनीदेवी पत्नी अमराराम माली, शांतिदेवी पत्नी पेमाराम राणा, पुष्पादेवी पत्नी पोमाराम मीणा को भी 50-50 हजार रुपए की राशि वितरित कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, पूर्व सांसद पुष्प जैन, पाली डेयरी अध्यक्ष प्रतापसिंह बिठिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य करणसिंह राजपुरोहित, एसडीएम कालूराम कुम्हार, नायब तहसीलदार जितेंद्र बबेरवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ललित रांकावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज नामा, अधिशाषी अधिकारी मगराज चौधरी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## माइनर माइन्स के 91 खनन प्लॉट्स की ई-नीलामी को लेकर उठ रहे सवाल

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** खान व भू-विज्ञान विभाग की ओर से राजस्थान के 7 जिलों में ई-नीलामी प्रक्रिया के जरिए माइनर माइन्स के 91 खनन प्लॉट आवंटित किए जाने को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए हैं।नीलामी से विभाग को 9.39 करोड़ रुपए न्यूनतम राजस्व मिलने की उम्मीद जताई जा रही हैं। विदित हैं कि ई-नीलामी में भाग लेने के लिए बोलीदाताओं को 10 लाख से लेंकर 35 लाख रुपए तक एडवांस राशि जमा करानी होगी।नीलामी प्रक्रिया को लेकर ऊपरमाल पत्थर खान व्यवसायी संघ के प्रवक्ता व मंत्री रामप्रसाद विजयवर्गीय का कहना हैं कि जब नीलाम किए गए क्षेत्रों का आवंटन नहीं कर सकते हैं तो फिर नीलामी करने का क्या औचित्य हैं?क्या सरकार का उद्देश्य केवल आय लक्ष्य की पूर्ति करना ही रह गया हैं? विभाग को नीलामी के बाद पता चलता हैं कि क्षेत्र अरावली में हैं या पॉलीगोन में। जबकि विभाग को नीलामी के पहले इसकी पुख्ता जानकारी जुटानी चाहिए। नीलामी में 40 प्रतिशत अग्रिम राशि जमा करवाने में खनिज कारोबारियों के करोड़ो रुपये फँसे हुए हैं और विभाग के अधिकारी आय लक्ष्य पूर्ति कर मस्त हैं। विजयवर्गीय का कहना हैं कि विगत दो सालों में विभाग को नीलामी के माध्यम से करोड़ों रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ हैं।लेकिन करोड़ो रुपए राजस्व देने वाले व्यवसायी इस मंदी के दौर में हर तरह से परेशान हैं।इसके बावजूद सरकार व विभाग में कोई सुनने वाला नहीं हैं। विजयवर्गीय का कहना हैं कि नीलामी के मामले में जवाबदेही तय होनी चाहिए।आखिर खनिज व्यवसायियों से कब तक छलावा होता रहेगा?

## मनरेगा श्रमिकों के समय में किया परिवर्तन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम 2005 के अनुसार 8 घंटे की कार्य अवधि मय 1 घंटे के विश्राम काल के निर्धारित है। जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए मनरेगा कार्य का समय प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक विश्राम काल रहित किया गया है। यह व्यवस्था 24 अप्रैल से 15 मई तक प्रभावी रहेगी। इसके उपरांत कार्य का समय स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए अधिनियम के प्रावधान के तहत निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टररोल में अंकित टास्क प्रपत्र में करवाने के उपरांत एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर के उपरांत कार्य स्थल छोड़ सकता है। महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत ग्रीष्माघात के कारण 24 अप्रैल से 15 मई तक मनरेगा श्रमिकों के कार्य का समय प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक विश्राम काल रहित किया जाता है।

## बेटे ने निभाया पिता का वचन, 81 वर्षीय पिता की अंतिम इच्छानुसार किया देहदान

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(निस)।** आमेर के मानपुरा माचेडी कस्बे के रैगर मोहल्ला निवासी बंशीधर रैगर ने अपने पिता की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए उनके पार्थिव शरीर को चिकित्सा शोध के लिए दान कर समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। 81 वर्षीय ग्यारसी लाल रैगर पुत्र डालूराम का मंगलवार को देहांत हो गया था। परिजनों ने निम्स मेडिकल कॉलेज में उनकी देह सुपुर्द की। देहदान के दौरान निम्स मेडिकल कॉलेज के डॉ. कुमार सतीश रवि और सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्थान जयपुर के अध्यक्ष कमल संचेती ने उपस्थित लोगों को देहदान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्य के सम्मान में मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने वीर देहदानी की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर ग्यारसी लाल की स्मृति में एक फलदार पौधा भी लगाया गया। देह समर्पण के इस भावुक क्षण में डॉ. कुमार सतीश, डॉ. सुरेखा पाटिल के साथ देवी सहाय, कृष्ण कुमार मौर्य, ग्राम विकास अधिकारी विक्रम सिंह, शारीरिक शिक्षक पंकज शर्मा और सुरेंद्र मौर्य सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे। बेटे बंशीधर ने बताया कि पिताजी हमेशा समाज के काम आना चाहते थे। उनकी इच्छा थी कि मृत्यु के बाद उनकी देह चिकित्सा क्षेत्र के विद्यार्थियों के काम आए, ताकि मेडिकल छात्र बेहतर शोध कर सकें।

## श्रीरामपुरा में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन, ग्रामीणों में खुशी की लहर



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** बगरू विधानसभा क्षेत्र के श्रीरामपुरा ग्राम में लंबे समय से लंबित सीसी रोड निर्माण कार्य की शुरुआत बुधवार को विधिवत भूमिपूजन के साथ हो गई। सांगानेर पंचायत समिति सदस्य राजेन्द्र शर्मा ने ग्रामीणों के साथ भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। भूमिपूजन के साथ ही ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में कच्चे रास्ते पर कीचड़ और जलभराव के कारण आवागमन बेहद कठिन हो जाता था। विशेष रूप से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब सीसी रोड बनने से इन समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि यह सड़क केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि गांव के विकास और लोगों के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं तथा आने वाले समय में श्रीरामपुरा सहित आसपास के गांवों में सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखने और सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में नाथूलाल शर्मा (पूर्व सरपंच, ग्राम पंचायत लांखना), कमलेश बागड़ा (जनसेवक), जगदीश शर्मा, बाबूलाल जांगिड़, रामूलाल शर्मा, हरिनारायण शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, पं. छोटीलाल शर्मा, जगदीश प्रजापत, भगवान सहाय शर्मा, बाबूलाल शर्मा, ईश्वर शर्मा, मदन शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जालोर जिला कलक्टर ने भीनमाल तहसील कार्यालय व उप कारागृह का किया औचक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने गुरूवार शाम को भीनमाल तहसील कार्यालय व उप कारागृह कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने तहसील कार्यालय के विभिन्न अनुभागों का अवलोकन कर रिकॉर्ड की जांच कर व्यवस्थाओं देखा तथा अनुभाग संबंधित विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रिकॉर्ड की जांच कर व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा फाईलों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के साथ ही रिकॉर्ड के व्यवस्थित रूप से संधारण करने और डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए।

**उप कारागृह में व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण:**
जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने गुरूवार शाम को भीनमाल उप कारागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होनें कारागृह में सुरक्षा एवं साफ-सफाई को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस दल की ओर से जिला कलक्टर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर भीनमाल अतिरिक्त जिला कलक्टर पूजा सक्सेना, भीनमाल उपखण्ड अधिकारी मोहित कासनिया सहित अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

## स्कूल वाहनों पर सख्तीः फिटनेस नहीं होने पर बसें होंगी सीज, 5 दिन का दिया समय

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग ने बाल वाहिनियों के खिलाफ सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है। यह कार्रवाई जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी एवं जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि कई स्कूल संचालक अपने वाहनों की नियमित फिटनेस नहीं करवा रहे हैं और यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए विशेष जांच अभियान चलाया गया है, जिसमें परिवहन निरीक्षक स्कूलों में जाकर वाहनों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल विद्यालय संचालकों को समझाइश देकर वाहनों को दुरुस्त करने के लिए समय दिया जा रहा है। इसके बाद भी यदि सुधार नहीं किया गया तो संबंधित वाहनों को विभाग द्वारा सीज किया जाएगा। परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान कई निजी विद्यालयों की बसों की स्थिति बेहद खराब पाई गई और कई वाहनों की फिटनेस भी नहीं है। ऐसे में अभिभावकों को भी सचेत रहने की आवश्यकता है और वे बिना फिटनेस वाली बसों में बच्चों को भेजने से परहेज करें। उन्होंने बताया कि विद्यालयों को 5 दिन का समय दिया गया है। यदि इस अवधि में बसों को दुरुस्त नहीं किया गया तो बसों को सीज करने के साथ ही संबंधित विद्यालयों के खिलाफ शिक्षा विभाग को कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

## लू व तापघात से पशुओं की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएंः पशुपालन मंत्री कुमावत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश के पशुधन को सुरक्षित रखने के लिए पशुपालन, गोपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। साथ ही उन्होंने पशुपालकों से भी सचेत एवं जागरूक रहने की अपील की है। मंत्री कुमावत ने कहा कि राज्य में गर्मी का असर बढ़ने के साथ लू और तापघात का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे पशुधन के स्वास्थ्य और उत्पादन क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि अधिक तापमान के कारण पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे संक्रामक रोगों की संभावना बढ़ जाती है। खासतौर पर दुधारू पशुओं के दुग्ध उत्पादन पर गर्मी का सीधा असर पड़ता है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने पशुपालकों को सलाह दी कि वे विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा जरूरत पड़ने पर नजदीकी पशु चिकित्सालय या उपकेंद्र से संपर्क करें। प्रमुख शासन सचिव पशुपालन, गोपालन एवं मत्स्य विकास सीतारामजी भाले ने सभी जिला पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लू से बचाव के लिए विशेष प्रयास करें तथा पशुपालकों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि समय पर उठाए गए कदम पशुधन को गर्मी से बचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने निराश्रित पशुओं के लिए पशु आश्रय स्थलों, चारागाहों और सार्वजनिक स्थानों पर जलकुंडों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पक्षियों के लिए परिंडे लगाने के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। साथ ही जलकुंडों व परिंडों में नियमित जल भराव बनाए रखने के लिए विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, गौशालाओं और सामाजिक संगठनों के सहयोग पर जोर दिया। पशुपालकों को सलाह दी गई है कि वे अपने पशुओं को छायादार स्थानों पर रखें, दिन के अत्यधिक गर्म समय में बाहर न निकालें तथा दिन में कम से कम चार बार स्वच्छ और ठंडा पानी उपलब्ध कराएं। भारवाहक पशुओं से सुबह व शाम के समय ही कार्य लेने और दोपहर में उन्हें विश्राम देने की भी अपील की गई है।

## दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल

**जयपुर टाइम्स/सुजानगढ़(नि.सं.)।** हनुमानगढ़ किशनगढ़ मेगा हाईवे स्थित गनोडा चौराहा पर स्कूल गाड़ी और इको की टक्कर मे कुल 6 लोगों को चोटें लगी। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार को मिली सूचना पर एम्बुलेंस चालक भरत मौके पर पहुंचे तथा घायलों को एम्बुलेंस और निजी गाड़ी से सुजानगढ़ अस्पताल लाकर इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया।. घायलों में डूंगरमल नलिया बास जिया -छापर, निखिल चाडवास, शिवम, रौनक, नंदिनी, कृतिका निवासी छापर के नाम शामिल हैं। सूचना पर कोतवाली पुलिस सुजानगढ़ भी मौके और अस्पताल पहुंची। डूंगरमल को हायर सेंटर रैफर किया गया है।

## लालभाकरी स्कूल परिसर में सुंदर कमल जल मंदिर का किया लोकार्पण

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** जिला मुख्यालय के निकट राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय लालभाकरी परिसर में गुरुवार को सुंदर कमल जल मंदिर प्याऊ का लोकार्पण सुंदर देवी पत्नी रतन चंद एवं श्रीमती कमला देवी पत्नी हस्तीमल की स्मृति में भामाशाह भैरूमल निर्मला भंडारी परिवार की ओर से किया गया। इस अवसर पर जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड अध्यक्ष मोहन पाराशर ने कहा कि प्याऊ का निर्माण करना पुनीत कार्य है। वो भी ग्रामीण व दूर दराज इलाके में एक विद्यालय के पास प्याऊ का निर्माण किया जाता है तो उससे बेहतर सेवा का कोई कार्य नहीं। भामाशाह एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भैरूमल जैन ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में धन अर्जन के साथ-साथ धन को सेवा कार्य में समर्पित करना चाहिए। चाहे धन का वह कितना भी प्रतिशत हो। जिसकी जितनी शक्ति, उतना मानव और प्राणी सेवा में जरूर खर्च करना चाहिए। इस मौके पर नोडल अधिकारी विजय सिंह, डाइट के उपप्राचार्य शांतिलाल दवे, जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक परमानंद भट्ट, रोटरी क्लब जालोर के सचिव हितेश प्रजापत, अधिवक्ता योगेश दवे, कमलेश सोनी, कैलाश सुथार, तरुण सिद्धार्थ, नितेश भटनागर, प्रकाश प्रजापत, गजेंद्रसिंह बादनवाड़ी, प्रेमसिंह कानीवाड़ा, ओमप्रकाश माली और राजू सोनी ने भी भामाशाह द्वारा किए कार्य की प्रशंसा की। कार्यक्रम में लालभाकरी विद्यालय के अध्यापक पूर्णप्रकाश नाग, थानाराम, ओमप्रकाश राजपुरोहित, नरेश कुमार, जितेंद्र कुमार दवे, तुषार दवे समेत लालभाकरी के ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान भामाशाह परिवार के निर्मला देवी, भैरूमल भंडारी, नरेश भंडारी, महेंद्र भंडारी, महावीर भंडारी, राजेश भंडारी, उत्तम भंडारी, सुमेर भंडारी, महेंद्र भंडारी एम, कैलाश भंडारी, नरपत भंडारी और सुरेश भंडारी समेत कई लोग मौजूद रहे। भामाशाह परिवार ने विद्यालय को आगे भी पूर्ण सहयोग एवं स्पोर्ट्स गतिविधि प्रोत्साहन के लिए सहयोग करने का पूर्ण आश्वासन दिया।

## ट्रैक्टर चोरी के मामले में टॉप-10 वांछित आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** पुलिस थाना फुलेरा ने ट्रैक्टर चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे थाने के टॉप-10 वांछित आरोपी संतोष कुमार को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद (आईपीएस) ने बताया कि परिवादी मंगलचन्द निवासी झखोलड थाना नरेना ने अपने सोनालिका 750 ट्रैक्टर (RJ 02 RD 8212) के एचपी पेट्रोल पम्प आकोदा से चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज मामले की जांच शुरू की गई। प्रकरण में पुलिस ने पूर्व में आरोपी मनीष उर्फ कालू को गिरफ्तार कर चोरी किया गया ट्रैक्टर बरामद कर लिया था, जबकि मुख्य आरोपी संतोष कुमार घटना के बाद से फरार चल रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के निर्देशन तथा थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता व सूचना संकलन के आधार पर आरोपी संतोष कुमार पुत्र हरभान, निवासी लाखनपुर थाना मेहन्दीपुर बालाजी जिला दौसा को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। इस कार्रवाई में थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार सहित हैड कांस्टेबल अमीचन्द, कांस्टेबल अनिल कुमार, हंसराज व विनोद कुमार की विशेष भूमिका रही।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

**सरदारशहर(निस)।** कृषि उपज मंडी क्षेत्र में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में परिजनों ने पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गांव दैगां निवासी रतनसिंह ने रिपोर्ट दी कि उसके परिवार के सदस्य हेमसिंह व ईश्वरसिंह मोटरसाइकिल पर सवार होकर दैगां से सरदारशहर कृषि मंडी आ रहे थे। बाइक हेमसिंह चला रहा था। जबकि ईश्वरसिंह पीछे बैठा था। कृषि मंडी के अंदर सामने से आ रही पिकअप ने तेज गति व लापरवाही से बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक बाइक सहित सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से दोनों को तुरंत राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान हेमसिंह की मौत हो गई। जबकि ईश्वरसिंह का इलाज जारी है।

**Rajasthan-Government**
**Office of Deputy Inspector General of Registration and Stamps Jaipur Circle III**

S.No:- 8411 Date:-20/04/26

**Notice Inviting Bid**

Bids for 4 Computer Operators (Machine with Man) are Invited from Interested and Eligible Bidders upto 28.04.2026 till 04.00 PM. Other Particulars of Bid may be visited on the web-site http:/sppp.rajasthan.gov.in of the State. The approximate Value of the Procurement is 6.00 lacs.

UBN- RSD 2627SSOB00002

**(Shyama Rathore)R.A.S.**
**Deputy Inspector General**
**Registration and Stamps**
**Jaipur Circle III**

DIPR/C/7242/2026

**कार्यालय अति. मुख्य अभियंता, सा.नि.वि., सम्भाग- द्वितीय, जयपुर**
**पी.डब्ल्यू.डी. कैम्पस, जैकब रोड, जयपुर क्लब के सामने, जयपुर**
फोन :- 0141-2226537, एक्स-299 फैक्स : 0141-2226537

कमांक- 161 दिनांक:- 17/04/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-04 / पीएमजीएसवाई / 2026-27**

जयपुर-ग्रामीण जिले में ग्रामीण सडकों के नवीनीकरण / निर्माण कार्यों के कुल 01 पैकेज हेतु इच्छुक निविदादाताओं द्वारा दिनांक 14.05.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा से संबन्धित अन्य विवरण राज्य की उपापन पोर्टल http//sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट http//pwd.rajasthan.gov.in. http//pmgsytendersraj.gov.in पर देखे जा सकते हैं। उपापन की अनुमानित लागत रूपये 336.61 लाख है।

UBN- PWD2627WSOB00797

**अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता**
**सा.नि.वि. सम्भाग द्वितीय, जयपुर**

DIPR/C/7211/2026

शेखावाटी जयपुर टाइम्स
जयपुर, शुक्रवार
24 अप्रैल, 2026

# जनगणना-2027 : डिजिटल प्रणाली से होगा मकान सूचीकरण, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** जनगणना -2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य को लेकर जयपुर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें जनगणना कार्य निदेशालय, राजस्थान के निदेशक एवं मुख्य प्रमुख जनगणना अधिकारी विष्णुचरण मलिक की अध्यक्षता तथा प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर संदेश नायक की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण में उपखण्ड अधिकारियों, चार्ज जनगणना अधिकारियों एवं तहसीलदारों को जनगणना-2027 के प्रथम चरण में 1 से 15 मई 2026 तक होने वाले मकान सूचीकरण एवं स्व-गणना कार्य की विस्तृत जानकारी दी गई। विष्णुचरण मलिक ने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसकी गुणवत्ता अंतिम व्यक्ति तक सटीक जानकारी पहुंचाने पर निर्भर करती है। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से होगी, जिससे पारदर्शिता, शुद्धता और त्वरित विश्लेषण सुनिश्चित होगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी और कर्मचारी इस कार्य को गंभीरता और निष्ठा के साथ पूरा करें, अन्यथा लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जनप्रतिनिधियों और आमजन को अधिक से अधिक स्व-गणना के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए प्रगणकों और सुपरवाइजर्स के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिला कलक्टर संदेश नायक ने कहा कि जनगणना राष्ट्रहित से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए सभी अधिकारी फील्ड में जाकर प्रगणकों व सुपरवाइजर्स के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें और उन्हें तीन दिवसीय प्रशिक्षण भी प्रदान करें। उन्होंने बताया कि जिले की अनुमानित जनसंख्या 35.54 लाख है और इस कार्य के लिए 38 चार्ज अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जिनमें 20 तहसीलदार, 2 नगर परिषद आयुक्त और 16 अधिशाषी अधिकारी शामिल हैं। जयपुर जिले में 5277 हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों में 4817 प्रगणक और 780 सुपरवाइजर 16 मई से 14 जून तक मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य करेंगे। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशालय, राजस्थान के संयुक्त निदेशक पुनित मेहरोत्रा ने स्व-गणना एवं फील्ड कार्य की समयावधि की जानकारी दी। इस दौरान जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर तृतीय संजय माथुर, सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक बाबूलाल मीणा सहित सभी उपखण्ड अधिकारी और तहसीलदार मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनगणना-2027 को सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर समन्वय, जागरूकता और तकनीकी दक्षता के साथ कार्य किया जाएगा, ताकि सटीक और विश्वसनीय आंकड़े तैयार हो सकें।

## जगदल में भाजपा नेता जोशी के नेतृत्व में बैठकों का दौर जारी




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** पश्चिम बंगाल के जगदल विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी रणनीति को तेज कर दिया है। भाजपा नेता दिनेश जोशी के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार बैठकों का दौर जारी है, जिसमें संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर फोकस किया जा रहा है।चुनावी प्रवास के दौरान मेरठ के एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज एवं भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रीता शास्त्री के साथ बैठक कर बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर चर्चा की गई।इसके अलावा केंद्रीय पतन, पोत, परिवहन व जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर, पूर्व आईपीएस सीबी शर्मा, स्वदेशी रिसर्च इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ धनपत राम अग्रवाल तथा जगदल से भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश कुमार के साथ भी रणनीतिक मंथन किया गया।बैठकों में चुनावी प्रबंधन, संगठन विस्तार, स्थानीय मुद्दों की पहचान और मतदाता संपर्क अभियान को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। पार्टी पदाधिकारियों ने आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने की बात कही।

## लापरवाही: इजाजत तामीर के बावजूद भेजा अवैध निर्माण का नोटिस

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जमादारों की रिपोर्ट पर कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक की ओर से 21 अप्रैल को शहर में पिछले दिनों हुए निर्माणों को लेकर कई लोगों को नोटिस भेजे गए थे। मामले को लेकर शहर के सरकारी अस्पताल के पीछे मकान बनवा रहे राजेन्द्र कुमार सेठिया व उनकी पत्नी सज्जन देवी को भी बिना परमिशन निर्माण करवाने सम्बंधी नोटिस मिले थे। लेकिन राजेंद्र कुमार सेठिया ने नोटिस का जवाब नगरपरिषद को देकर बताया है कि मेरे और सज्जन देवी सेठिया के नाम से सितम्बर 2025 में आवासीय निर्माण की परमिशन इसी नगरपरिषद ने दी थी, जिसके अनुसार मकान का निर्माण करवाया जा रहा है। नगर परिषद से स्वीकृति लेकर सभी तरह के चार्ज भी जमा करवा दिए गए थे। उसके बावजूद भी उन्हें किस बात के लिए नोटिस दिए गए हैं। अधिकारियों को पता ही नहीं है कि किसके पास निर्माण की स्वीकृति है और किसके पास नहीं। राजेंद्र कुमार सेठिया ने कहा कि नगरपरिषद में अधिकारियों और कर्मचारियों में समन्वय का अभाव है और किए गए कार्य और परमिशन इनको पता नहीं हैं, तो जनता ये गलती कब तक भुगतेगी। उन्होंने कहा कि जमादार ने गलत सूचना देकर अधिकारियों को भ्रमित किया और मेरा व मेरी पत्नी का नाम अखबारों में छपा दिया गया, इससे उनकी मानहानि हुई है। अधिकारियों को सोच समझ कर नोटिस की कार्रवाई करनी चाहिए थी।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आठ दिवसीय कार्यक्रम आयोजित




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में विप्र फाउंडेशन की ओर से भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव अष्टदिवसीय आयोजनों के अन्तर्गत छोटी सवाई सावल गांव के खेतेश्वर गुरुकुल में बाल संस्कार व व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष वैद्य महेन्द्र शर्मा ने बालक बालिकाओं को राष्ट्रभक्ति गीत के साथ बताया कि हमको अपने भारत की मिट्टी सें अनुपम प्यार है और भारत देश की रोचक प्रेरणादायक कहानी सुनाई। कार्यक्रम अध्यक्ष मदनलाल शर्मा ने कानुड़ा लाल घड़लो म्हारो भर दे रे भजन की प्रस्तुति देकर बच्चों को झुमने को मजबूर कर दिया। इस अवसर वैद्य महेन्द्र शर्मा ने व्यक्तित्व विकास के छोटे छोटे खेल करवाये। युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुनील मिश्र ने कहा की खेल व प्रेरक कहानियां सुनना बच्चों का अधिकार है। अभिभावकों का यह हक उनको मिलना ही चाहिए। उन्होंने बच्चों से मोबाईल सें दूर रहने का आग्रह करते हुए पढ़ाई करने को लेकर बच्चों को प्रेरित किया। गुरुकुल प्रधाध्यापिका भगवती राजपुरोहित ने सभी आगन्तुको का आभार व्यक्त किया। आयोजन का संयोजन श्यामलाल राजपुरोहित ने किया। इस अवसर पर बालक बालिकाओं ने भी एक से बढकर एक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर पंडित कैलाश चौमाल, कृष्ण कुमार सारस्वत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शहीद सैनिक के पुत्र को अनुकम्पा नियुक्ति, कलेक्ट्रेट जयपुर में संभाला पदभार

**जयपुर टाइम्स/जयपुर(कास)।** राज्य सरकार की संवेदनशील नीतियों के तहत जयपुर जिला प्रशासन ने शहीद सैनिकों के परिजनों को संबल देने की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राजस्थान सेवा (शहीद सैनिकों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति) नियम, 2022 के अंतर्गत सैनिक बनवारीलाल के पुत्र दिनेश कुमार को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। सीकर जिले के चैलासी, पो. सिहोट छोटी (तहसील सीकर ग्रामीण) निवासी दिनेश कुमार को जिला कलेक्टर कार्यालय, जयपुर में पदस्थापित किया गया है। नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद उन्होंने 22 अप्रैल को कलेक्ट्रेट पहुंचकर विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। जिला प्रशासन के इस कदम को शहीद सैनिकों के परिवारों के प्रति संवेदनशीलता और सम्मान का प्रतीक माना जा रहा है। इससे न केवल परिजनों को आर्थिक संबल मिलेगा, बल्कि उन्हें समाज में सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर भी प्राप्त होगा।

## आत्मबोध से विश्वबोध विषय पर व्याख्यान माला

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ(नि.सं.)।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, सुजानगढ़ व सोना देवी सेठिया कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में -आत्मबोध से विश्वबोध.. विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। डॉ. साधना प्रधान जोशी जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुभाष पारीक, विशिष्ट अतिथि अरविंद मिश्र व मुख्य वक्ता वासुदेव चाकलान रतनगढ, प्राचार्या डॉ साधना सिंह, निर्देशिका डॉ वंदना भटनागर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन कर रही शिक्षाविद स्नेहप्रभा मिश्रा ने आयोजकीय पृष्ठभूमि को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता वासुदेव चाकलान ने कहा कि आत्मबोध एक आत्मविचार होना चाहिए। राष्ट्र के प्रत्येक व्यक्ति को आत्म बोध को स्मृति में लाने के लिए काम करना चाहिए। जब मौन गहराता है तभी मनुष्य यह समझ पाता है कि यह चेतना है। मैं, तुम की सीमाएं जब टूटती हैं, तो विश्वबोध का आरंभ होता है। जिला पाठक प्रमुख अरविंद मिश्र ने बताया कि भारत एक आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है, यह चेतना आत्म बोध है और यह जब सर्वोच्च स्तर तक पहुंचती है तो हम विश्व बोध तक जाते हैं। मुख्य अतिथि सुभाष पारीक ने कहा कि संगठन हमारे आत्मबोध को जागृति प्रदान करते हैं और नवोदित प्रतिभाओं को निखरने का अवसर प्रदान करते है। डॉ साधना प्रधान ने कहा कि हम तत्वबोध, आत्मबोध और फिर विश्वबोध तक जाएं तभी सफल होकर जीवन के अंतिम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। अनेकता में एकता के ध्येय ने हमको आत्मबोध से विश्वबोध तक पहुंचाया है। कार्यक्रम में मदन गुर्जर सरल की -महकते मुक्तक व मेरी मनभावन गजलें.. पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। धन्यवाद ज्ञापन निदेशक डॉ वंदना भटनागर ने किया। मंचस्थ अतिथियों का सम्मान डॉ. जय श्री सेठिया, डॉ मेघना सोनी, मोनिका शर्मा, कृष्णा पारीक, मीना पारीक, मंजुला चाकलान, परमानंद मिश्र एवं भंवरलाल गिलान ने किया। दो छात्राओं को उक्त विषय पर शानदार प्रस्तुतीकरण के लिए 500-500 रु की पुरस्कार राशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

## महिला आरक्षण विधेयक को लेकर भाजपा भ्रामक जानकारी फैला रही है: चौधरी

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** झुंझुनूं कांग्रेस जिलाध्यक्ष व मंडावा विधायक रीटा चौधरी ने गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में भाजपा की ओर से महिला आरक्षण विधेयक को लेकर भ्रामक जानकारी फैलाने के विरोध में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रीटा चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला आरक्षण विधेयक को लेकर भ्रामक जानकारी फैला रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही महिला आरक्षण की पक्षधर रही है। स्व. राजीव गांधी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं में प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया था। इसके बाद वर्ष 1990 में कांग्रेस सरकार की ओर से लोकसभा और राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक लाने का प्रयास किया। चौधरी ने कहा कि वर्ष 2017 में सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण देने की मांग की थी, लेकिन उस समय इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने एक वीडियो के माध्यम से भाजपा की ओर से फैलाई जा रही भ्रामक जानकारी का पर्दाफाश किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब 2024 के आम चुनाव नजदीक आए, तब राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से सितंबर 2023 में महिला आरक्षण विधेयक लाया गया, जिसे लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत से पारित किया गया। चौधरी ने यह भी कहा कि अब भाजपा महिला आरक्षण बिल के नाम पर बिना विपक्ष से चर्चा करें परिसीमन (डिलिमिटेशन) से जुड़ा विधेयक पारित करवाना चाहती है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का अपमान है। सांसद राहुल कस्वां ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने राजस्थान में स्थानीय निकायों और पंचायतों में परिसीमन के नाम पर अपने राजनीतिक हित साधने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर केवल दिखावा कर रही है, जबकि कांग्रेस का इतिहास महिलाओं को अधिकार देने और उन्हें आगे बढ़ाने का रहा है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव मुस्ताक खान, निवर्तमान सभापति पायल सैनी, चूरू जिला महिला कांग्रेस प्रभारी टीना शर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान, पार्षद अंजनी शर्मा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता कपूरिया, एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति, आरिफ पीथीसर, पुलकित चौधरी, गणेश लाटा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेटेलाइट अस्पताल में भामाशाह परिवार ने भेंट किया एयर कूलर

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** भीषण गर्मी को देखते हुए मरीजों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से गढ स्थित सेटेलाइट अस्पताल में मुरलीधर धड़ीसाज की स्मृति मेंउनके पुत्र डॉ. श्यामसुंदर शर्मा एवं पौत्र नरेन्द्र शर्मा, विमला शर्मा आदि ने समस्या समाधान केंद्र के अध्यक्ष सत्यनारायण व्यास की प्रेरणा से एक एयर कूलर भेंट किया गया। अस्पताल प्रभारी ओमप्रकाश धानिया को एयर कूलर प्रदान किया गया, ताकि इस भीषण गर्मी में मरीजों एवं परिजनों को हवा मिल सके। इस दौरान भामाशाह परिवार द्वारा भविष्य में भी अस्पताल में अतिरिक्त एयर कूलर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं कराने की घोषणा की गई। संस्था के सचिव प्रमोद शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से दानदाताओं को जनसेवा के लिए प्रेरणा मिलती है तथा आवश्यकता के अनुसार सहयोग करने की भावना मजबूत होती है। इस अवसर पर अस्पताल के कर्मचारी अमित बसेर, जयसिंह, वंदना, मिशाली नर्सिंग ऑफिसर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## महनसरिया ने हज यात्री का स्वागत करके मक्का के लिए रवाना किया

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनस रिया ने अगुण मोहल्ला के हज यात्री इदरीश खान दौलत खानी का एक समारोह में फूल मालाओं से स्वागत करके मक्का मदीना के लिए रवाना किया। समारोह में महन सरिया ने हज यात्री इदरीश खान दौलत खानी से कहा कि आप मक्का मदीना में देश में अमन चैन बना रहे, सब खुशहाल रहे की दुआ करके आना इस अवसर पर कायमखानी समाज के जिला अध्यक्ष मुंशी खा, पार्षद बाबू खान मंत्री, रिटायर्ड हेडमास्टर लियाकत खान मोइल, शिक्षाविद यूनुस खान, यूनुस खान दौलत खानी, इदुखान फतेह खानी, व नवाब खान दौलत खानी सहित अनेक जन उपस्थित रहे।

### सदीनसर में आज होगा आस्था का महासंगम

## रथ में विराजकर नगर भ्रमण पर निकलीं माँ करणी और नागणेच्या राय, जयकारों से गूंजा सदीनसर

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव सदीनसर में आयोजित नागणेच्या माता व करणी माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अपने चरम पर है। महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को ऐतिहासिक नगर परिक्रमा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई, जिसमें राठौड़ों की कुलदेवी श्री मातेश्वरी नागणेच्या राय एवं इष्ट देवी करणी माता की मूर्तियों को विशेष रूप से सुसज्जित भव्य रथ में विराजमान कर पूरे गांव का भ्रमण कराया गया। श्री करणी सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस महापर्व का सबसे महत्वपूर्ण दिन आज, शुक्रवार 24 अप्रैल है। आज देशनोक के विद्वान पंडितों के सानिध्य में अभिजीत मुहूर्त में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा (मूर्ति स्थापना) की जाएगी। इस दिव्य अवसर पर नवनिर्मित विश्राम गृह एवं जल मंदिर का लोकार्पण भी होगा। मूर्ति स्थापना के पश्चात विशाल भंडारे (महाप्रसाद) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। इससे पूर्व, गुरुवार को नगर भ्रमण के दौरान भक्ति का अनूठा संगम दिखा। जैसे ही माता का रथ रवाना हुआ, पूरा गांव 'जय माँ करणी' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। रथ में विराजीं माता की प्रतिमाएं और भैरूं जी महाराज की झांकी अलौकिक दृश्य प्रस्तुत कर रही थी। ग्रामीणों ने छतों से पुष्प वर्षा की और मुख्य मार्गों पर तोरण द्वार सजाकर माता का आत्मीय स्वागत किया। महोत्सव की पूर्व संध्या पर आयोजित विशाल भजन संध्या में राजस्थान के विख्यात कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। देर रात तक भक्त भजनों की अमृत वर्षा में सराबोर रहे।

## वॉईसेज बिहाईंड द वेल.... का विमोचन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय जी.एच.एस. महाविद्यालय में कार्यरत अंग्रेजी साहित्य की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अर्चना रांकावत की प्रथम कृति -वॉईसेज बिहाईंड द वेल.... का विमोचन आज विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ। यह पुस्तक उन उन अनकहे व अनसुने पहलुओं को उजागर करती है, जो प्राय: पर्दे के पीछे छिपे रह जाते हैं। इस पुस्तक में नारी संवेदना, सामाजिक यथार्थ तथा आंतरिक द्वंद्व का अत्यंत प्रभावशाली, संवेदनशील व मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया गया है। समारोह की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य विनीता चैधरी ने डॉ. रांकावत के इस महत्वपूर्ण साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक न केवल अंग्रेजी साहित्य के क्षेत्र में एक सशक्त हस्तक्षेप है, बल्कि समाज में सकारात्मक संवाद स्थापित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर बी.एस. बैरवा ने डॉ. रांकावत के अथक परिश्रम, समर्पण व संवेदनशील विषय को पुस्तक के रूप में प्रस्तुत करने के लिए उन्हें बधाई व शुभकामनाएँ दीं। एस.आर. बालान ने मानव जीवन में पुस्तकों के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. अर्चना रांकावत ने इस पुस्तक की प्रेरणा, लेखन यात्रा आज व अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि यह कृति उनके व्यक्तिगत अनुभवों, सामाजिक अवलोकनों व संवेदनशील दृष्टिकोण का परिणाम है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। संचालन डी. आर. जानू ने किया।

## हीट वेव से बचाव के लिए गंभीर सावधानी बरतें: सीएमएचओ

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान और लू के प्रकोप को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं । सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने आमजन से अपील की है कि गर्मी के इस मौसम में विशेष सावधानी बरतें, ताकि हीट वेव से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। बाहर जाते समय सिर को ढककर रखें और हल्के, ढीले व सूती कपड़े पहनें। अधिक से अधिक पानी, छाछ, नींबू पानी और ओआरएस का सेवन करें, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो। सीएमएचओ ने बताया कि तेज धूप में काम करने वाले लोग समय-समय पर छांव में विश्राम करें और खुद को हाइड्रेट रखें। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है।

**हीट वेव से बचाव के लिए क्या करें क्या ना करें:**

**क्या करें:**

दिन में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं
छांव में रहें और धूप से बचें
सिर को कपड़े या टोपी से ढकें
हल्का व सुपाच्य भोजन करें

**क्या नहीं करें:**

खाली पेट धूप में न निकलें
अत्यधिक तली-भुनी चीजों से परहेज करें
शराब, चाय-कॉफी का अधिक सेवन न करें। उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को चक्कर आना, सिरदर्द, उल्टी या बेहोशी जैसे लक्षण महसूस हों तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। समय रहते उपचार मिलने से हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि गर्मी के मौसम में सतर्क रहें और दूसरों को भी जागरूक करें, ताकि किसी भी तरह की जनहानि से बचा जा सके। सीएमएचओ डॉ शर्मा ने बताया कि सभी चिकित्सा संस्थाओं को निर्देश दिए हैं कि हिट वेव से निपटने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे दवाएं, आइस पैक, वार्ड में कुलर व पंखों की व एम्बुलेंस आदि की व्यवस्थाएं आवश्यक रूप से उपलब्धता सुनिश्चित करे साथ ही संस्थाओं पर पीने के ठंडे पानी की व्यवस्था, मरीजों के अटेंडेंट के बैठने की व्यवस्था भी आवश्यक रूप से सुनिश्चित करनी है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।